हिन्दी दैनिक
# वैचारिक तूफान
आवाज़ देश की!
vtnewsindia.com
प्रमुख भारतीय हिन्दी न्यूज़ पोर्टल

वर्ष : 11 अंक : 4 लखनऊ, रविवार, 13 नवम्बर 2022 मूल्य : 1 रुपये पृष्ठ - 4

## एक नजर

### यूपी : बाघ के हमले से 10 साल के बच्चे की मौत

**लखीमपुर खीरी ।** उत्तर प्रदेश में दुधवा बफर जोन के जंगलों से भटके बाघ ने 10 साल के एक बच्चे को मौत के घाट उतार दिया। यह घटना पलिया कोतवाली अंचल के निंबुआबोझ गांव में बीती शाम गन्ने के खेत के पास हुई। बताया जा रहा है कि जसीम नामक लड़का फसल काटने के लिए खेतों में गया था, जब पास में छिपे बाघ ने हमला कर उसे मार डाला।

खेत में काम कर रहे ग्रामीण उसे बचाने दौड़े और बाघ को खदेड़ दिया। लेकिन गंभीर रूप से घायल बालक ने दम तोड़ दिया। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया।

पलिया कोतवाली प्रभारी, पी.के. मिश्रा और उनके कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को शांत करने का प्रयास किया। दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड निदेशक संजय कुमार पाठक और दुधवा बफर जोन के उप निदेशक सुंदरेश भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना की पुष्टि करते हुए पाठक ने कहा कि दुखद घटना के बाद सार्वजनिक आक्रोश को देखते हुए बाघ को पकडने् के लिए पिंजरे लगाए जाएंगे। बाघ को वापस जंगल में ले जाने के लिए हाथी की गश्त भी की जाएगी।

### 17-20 नवंबर तक बंद रहेगी यूपी-नेपाल सीमा

**बहराइच ।** उत्तर प्रदेश-नेपाल सीमा पड़ोसी हिमालयी देश में आम चुनाव के मद्देनजर 17-20 नवंबर तक बंद रहेगी। सूत्रों के मुताबिक इस संबंध में नेपाल के बांके जिले में दोनों देशों के अधिकारियों की उच्च स्तरीय समन्वय बैठक हुई है। बैठक में भारत और नेपाल के सीमावर्ती जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। बहराइच के जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने कहा कि प्रशासन नेपाल में स्वतंत्र और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा, नेपाल सरकार ने 17 से 20 नवंबर तक भारत के साथ लगती सीमाओं को बंद करने का फैसला किया था। इस अवधि के दौरान आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। नेपाल ने बहराइच और श्रावस्ती जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों से बंद अवधि के दौरान उनसे सहयोग की अपील की है। अधिकारियों ने यह भी चर्चा की कि कैसे सीमा के माध्यम से नशीले पदार्थों, वन्यजीवों और मानव तस्करी की तस्करी को रोका जाए।

जिलाधिकारी श्रावस्ती नेहा प्रकाश ने भी सीमा पर तैनात अधिकारियों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

महराजगंज जिले की सुनौली की सीमा भी सील रहेगी।

### नौसेना का रसोइया महाराष्ट्र के उरण से लापता

**मुंबई ।** नौसेना का एक 22 वर्षीय कर्मचारी उरण से लापता हो गया, जो पड़ोसी जिले रायगढ़ में आईएनएस अभिमन्यु बेस कैंप में रसोइये के तौर पर काम कर रहा था। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि कर्मचारी की पहचान विशाल महेशकुमार के रूप में की गई है जो 3 नवंबर की सुबह तैरने के लिए उरण स्थित अपने घर से निकला था।

उन्होंने कहा कि जब विशाल घर नहीं लौटा, तो उसके अभिभावक उरण पुलिस थाने पहुंचे और उसके लापता होने की प्राथमिकी दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि प्राथमिकी के आधार पर एक तलाशी अभियान शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान पता चला कि 3 नवंबर को विशाल सुबह 10 से 11 बजे के बीच उरण में स्वीमिंग पूल परिसर में था। उसने वहां से अपनी मां को फोन किया था और उससे बात भी की थी।

जांच अधिकारी, सहायक पुलिस निरीक्षक अनिरुद्ध गिजे ने कहा कि क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज और विशाल के मोबाइल टॉवर की लोकेशन के अनुसार उसे आखिरी बार पनवेल रेलवे स्टेशन पर देखा गया था, जो कि उरण से 25 किमी दूर है। उन्होंने कहा कि पनवेल स्टेशन के बाद विशाल का पता नहीं चल पाया। उरण छोड़ने् के एक दिन पहले उसने 70,000 रुपए का वित्तीय लेनदेन किया था।

# वाराणसी,अयोध्या,मथुरा-वृंदावन व गुवाहाटी में चलेंगे इलेक्ट्रिक जलयान, हाइड्रोजन से भी संचालन : सर्बानंद

**वैचारिक तूफान संवाददाता ।**

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने काशी, उत्तर प्रदेश तथा देश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है। वह आज चरितार्थ हो रहा है। दो वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री जी ने काशी को इनलैण्ड वॉटर-वे का उपहार दिया था। आज प्रदेश के चार जनपदों वाराणसी, चन्दौली, गाजीपुर तथा बलिया में 15 जेट्टियों का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ हैं। इनके माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए जल परिवहन की गतिविधि को तेज किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री जी आज जनपद वाराणसी के रविदास घाट पर गंगा नदी में तैयार की गयी जेट्टियों का केन्द्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री श्री सर्बानन्द सोनोवाल के साथ संयुक्त रूप से लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के बाद इस अवसर पर भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इसके तहत 07 सामुदायिक जेट्टियों का लोकार्पण और 08 सामुदायिक जेट्टियों का शिलान्यास सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वाराणसी, अयोध्या एवं मथुरा हेतु हाइड्रोजन तथा इलेक्ट्रिक कैटामेरान हेतु अनुबन्ध तथा वाराणसी एवं डिब्रूग ? के मध्य क्रूज की समय-सारिणी का विमोचन भी किया गया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज जिन 15 जेट्टियों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है वह पर्यटन की अनेक सम्भावनाओं को भी बढाएंगी। इनके माध्यम से यातायात को सुगम बनाने में मदद मिलेगी। जल परिवहन के प्रारम्भ होने से रेलवे तथा सड़कों के भार को कम करने में मदद मिलेगी। इससे डीजल की खपत को कम करते हुए प्रदूषण को भी कम किया जा सकेगा। इस प्रकार इसके माध्यम से अनेक लाभ प्राप्त होंगे। इन लाभों का केन्द्र बिन्दु काशी बनने जा रहा है। उन्होंने काशीवासियों सहित प्रदेशवासियों के लिए इस उपहार के प्रति प्रधानमंत्री जी एवं केन्द्रीय मंत्रियों श्री सर्बानन्द सोनोवाल, श्री श्रीपद येस्सो नाइक तथा श्री शान्तनु ठाकुर को धन्यवाद ज्ञापित किया।



मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक लैण्डलॉक्ड राज्य है। यह चारों ओर जमीन से घिरा हुआ है। प्रदेश का कोई उत्पाद एक्सपोर्ट के लिए जब तक पोर्ट पर पहुंचता था, तब उसकी लागत बहुत ज्यादा हो जाती थी। इसमें परिवहन का मूल्य भी जुड जाता था। इसके कारण अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में हमारे उत्पाद प्रतिस्पर्धी नहीं हो पाते थे। लैण्डलॉक्ड राज्य होने के कारण हमारे सामने समस्या थी कि क्वालिटी के साथ-साथ मांग के सापेक्ष लागत भी होनी चाहिए। प्रदेश से चीनी, सब्जी, फल तथा मिर्च आदि भेजने में समस्या होती थी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश में परम्परागत उत्पाद, एम0एस0एम0ई0 का सबसे ब ?ा केन्द्र है। यहां 90 लाख सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के उद्यमी तथा उद्योग हैं। उनके उत्पादों को उत्तर प्रदेश के बाहर देश के अन्य भागों में तथा दुनिया के बाजार में पहुंचाने में दिक्कत होती थी, क्योंकि उत्पादों की लागत पोर्ट तक पहुंचते-पहुंचने काफी ज्यादा हो जाती थी। पहले प्रदेश की नदियों में जल परिवहन की सुविधा थी। इसके माध्यम से यहां पर कोयला आता था और गु ?, चीनी, फल, सब्जियां, अनाज तथा खाद्यान्न यहां से बाहर जाता था। हिमालय से आने वाली नदियों में विशेषकर बरसात के मौसम में सिल्ट काफी मात्रा में आता है। इसकी डिसिल्टिंग नहीं की गई। परिणामतः नदियां छिछली होती गईं। उनका दायरा बढता गया। जल परिवहन का स्थान सड़क तथा अन्य परिवहन माध्यमों ने ले लिया। यह महंगा होने के साथ ही, सभी के लिए सुगम भी नहीं था। इसका परिणाम हुआ कि यहां के उत्पाद यहीं तक सीमित रह गये। एम0एस0एम0ई0 उद्योग का भी नुकसान हुआ।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने वाराणसी से हल्दिया के बीच पहला राष्ट्रीय जलमार्ग दिया। उन्होंने इसका उद्घाटन भी किया। भदोही तथा मीरजापुर की कालीन, चन्दौली का ब्लैक राइस, जौनपुर के वूलेन कारपेट, गाजीपुर का जूट वॉल हैंगिंग, मऊ के पावरलूम टेक्सटाइल्स, मीरजापुर के ब्रास प्रोडक्ट, प्रयागराज के मूंज और फूड प्रोसेसिंग के उत्पाद तथा वाराणसी की सिल्क साढियां इन सभी को यहां से शिप पोर्ट तक भेजने में मदद मिली। वर्ष 2021-22 में वाराणसी तथा आस पास के जनपदों से 3700 करोड़ रुपये के ओ0डी0ओ0पी0 उत्पादों का निर्यात किया गया। इससे यहां के उद्यमियों, कारीगरों, किसानों तथा हस्तशिल्पियों को कार्य मिला और उन्हें मुनाफा भी प्राप्त हुआ।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण से समन्वय स्थापित कर यहां पर पर्यटन की अनेक सम्भावनाओं को आगे बढ़ाया जा सकता है।

श्रीकाशी विश्वनाथ धाम बनने से यहां पर पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना ब ?ी है। सावन माह में काशी में 01 करो ? श्रद्धालु आये थे। कोरोना काल खण्ड में ऐसा लगता था कि होटल व्यवसाय पूरी तरह समाप्त हो गया है, लेकिन देव दीपावली के आयोजन तथा श्रीकाशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद से ही सभी होटलों में बुकिंग फुल चल रही है। होटल व्यवसाय के साथ ही टैक्सी से जुड़े लोग, सामान्य व्यापारी, रेस्टोरेन्ट तथा पूरे बाजार पर इसका असर प ?ा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या-01 के प्रारम्भ होने से जनपद वाराणसी के माध्यम से आस-पास के अन्य क्षेत्र, विन्ध्यवासिनी धाम, जनपद प्रयागराज, अयोध्या, सारनाथ, कुशीनगर सहित जनपद चन्दौली और सोनभद्र में मौजूद ईको टूरिज्म स्थलों तक पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए सुगम जल परिवहन मार्ग प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार द्वारा वाराणसी में पर्यटन सुविधाओं को ब ?ाने के लिए भागीरथी क्रूज व अलकनंदा क्रूज की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। इसमें लगभग 80 से 90 यात्री प्रति क्रूज बैठक सकते हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपद वाराणसी से असम स्थित बोगीबील के मध्य 4,000 किलोमीटर की लम्बाई में गंगा जी व ब्रह्मपुत्र नदी के बीच इण्डो-बांग्लादेश प्रोटोकॉल रूट का निर्माण किया जा रहा है। इसके माध्यम से बोगीबील में जेट्टीस के निर्माण और आधारभूत संरचनाओं के विकास की सुविधाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। जल परिवहन के माध्यम से पर्यटन के साथ ही, कार्गो की सुविधा लोगों को प्राप्त होगी।

पूर्व पीएम राजीव गांधी की हत्या के मामले में

## नलिनी समेत छह आरोपी होंगे रिहा, सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

**नई दिल्ली ,एजेंसी।**



राजीव गांधी की हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अहम फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रही नलिनी और आरपी रविचंद्रन सहित छह आरोपियों को रिहा करने का निर्देश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने उनकी रिहाई का आदेश देते हुए कहा कि तमिलनाडु सरकार ने पहले राज्यपाल को उनकी रिहाई की सिफारिश की थी। मई में एक और दोषी पेरारीवलन को सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही रिहा करने का आदेश दिया था।

**जेल में इन लोगों का आचरण पाया गया अच्छा**

सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस आदेश में एस. नलिनी, जयकुमार, आरपी रविचंद्रन, रॉबर्ट पियास, सुथेंद्रराजा और श्रीहरन को रिहा कर दिया है। जेल में उनका आचरण अच्छा पाया गया और उन सभी ने जेल में रहने के दौरान विभिन्न डिग्रियां भी हासिल की थीं।

**तमिलनाडु सरकार ने 2018 में की थी रिहाई की सिफारिश**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तमिलनाडु कैबिनेट ने 9 सितंबर, 2018 को उनकी रिहाई की सिफारिश की थी और यह राय राज्यपाल के लिए बाध्यकारी होगी, जिनके समक्ष दोषियों ने माफी याचिका दायर की थीबता दें कि राजीव गांधी की 21 मई, 1991 की रात को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में एक महिला आत्मघाती हमलावर द्वारा हत्या कर दी गई थी, जिसकी पहचान धनु के रूप में एक चुनावी रैली में हुई थी। इस मामले में कुल 41 लोगों को आरोपी बनाया गया था। 12 लोगों की मौत हो चुकी थी और तीन फरार हो गए थे। बाकी 26 पकड़े गए थे। इसमें श्रीलंकाई और भारतीय नागरिक थे

## सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को जारी किया अवमानना का नोटिस

**एजेंसी।**

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) की याचिका पर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को एक अवमानना नोटिस जारी किया है। इसमें अदालत के 5 अगस्त के आदेश का पालन न करने का आरोप लगाया गया है, जिसमे कोर्ट ने बाजार नियामक को कुछ दस्तावेजों का उपलब्ध कराने का आदेश दिया था। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस एम.एम. सुंदरेश ने मामले की सुनवाई करते हुए नोटिस जारी करने का आदेश दिया।

आरआईएल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश एन साल्वे ने कहा कि शीर्ष अदालत द्वारा 5 अगस्त को दिए आदेश के बावजूद प्रतिवादी (सेबी) ने दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। वरिष्ठ अधिवक्ता और भारत के पूर्व महान्यायवादी के.के. वेणुगोपाल ने सेबी का प्रतिनिधित्व करते हुए कहा कि सेबी की याचिका अदालत के समक्ष लंबित है, इसलिए वर्तमान कार्यवाही में आगे कोई आदेश पारित नहीं किया जाना चाहिए।

पीठ ने अपने आदेश में कहा, हमने समीक्षा याचिका में इस अदालत द्वारा 12 अक्टूबर, 2022 को पारित आदेश को देखा है। एक अपील और या रिट याचिका के स्थगन के साथ-साथ लंबित के साथ बराबरी नहीं की जा सकती है।



इस अदालत द्वारा एक अपील में अंतिम निर्णय लिया गया है। केवल इसलिए कि स्थगन आवेदन याचिका लंबित है, प्रतिवादी द्वारा अपने आप पर रोक लगाने और इस अदालत द्वारा जारी निदेशरें का पालन नहीं करने का आधार नहीं हो सकता।

पीठ ने कहा कि ध्यान देने वाली बात है कि जम्मू-कश्मीर राज्य बनाम मो. याकूब खान और एक ऐसे अन्य मामले में जहां एकल न्यायाधीश द्वारा पारित एकतरफा आदेश के खिलाफ रिट याचिका लंबित होने के कारण अवमानना कार्यवाही शुरू की गई थी। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 2 दिसंबर को निर्धारित की है।

कंपनी ने सेबी से तीन दस्तावेज मांगे थे। इसमें दावा किया गया था कि 1994 और 2000 के बीच अपने स्वयं के शेयरों के अधिग्रहण में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक मामले में शुरू किए गए आपराधिक मुकदमे से उसे और उसके प्रमोटरों को दोषमुक्त कर दिया जाएगा।

5 अगस्त को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमना की अगुवाई वाली एक पीठ ने कहा था, सेबी का दृष्टिकोण, दस्तावेजों का खुलासा करने में विफल होने पर, पारदर्शिता और निष्पक्ष सुनवाई की चिंताओं को भी उठाता है। अस्पष्टता केवल पूर्वाग्रह और पक्षपात का प्रचार करती है।

शीर्ष अदालत ने कहा था कि, सेबी को निष्पक्षता दिखानी चाहिए और आरआईएल द्वारा मांगे गए दस्तावेजों को प्रस्तुत करना चाहिए और सेबी का कर्तव्य है कि वह कार्यवाही करते समय या पार्टियों के खिलाफ कोई कार्रवाई शुरू करते हुए निष्पक्ष रूप से कार्य करे।

सेबी द्वारा दस्तावेजो को साझा न करने पर आरआईएल ने अवमानना याचिका दायर की। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी.एन. श्रीकृष्णा और आईसीएआई के पूर्व अध्यक्ष वाई.एच. मालेगाम ने अनियमितता की जांच की थी।

कंपनी ने दावा किया कि, सेबी इन दस्तावेजों को देना नहीं चाहती। उसने सेबी को यह कहते हुए नोटिस भी भेजा था कि अगर दस्तावेज 18 अगस्त तक प्राप्त नहीं हुए, तो माना जाएगा कि सेबी शीर्ष अदालत के आदेश का पालन नहीं करना चाहती।

## यूजीसी ने बदले नियम, अब महिलाएं दूसरे शहर जाकर भी पूरी कर सकेंगी पीएचडी



**नई दिल्ली ,एजेंसी।**

**नई दिल्ली ।** यूजीसी ने पीएचडी करने वाली महिलाओं को आज एक बड़ी राहत दी है। अब पीएचडी के लिए एक शहर से दूसरे शहर तक भागना नहीं पड़ेगा। दरअसल यूजीसी ने अपने नियमों में बदलाव किए हैं। पहले शादी के बाद या अन्य किसी कारण से शहर छोडने् वाली लड़कियों को शहर बदलने के बावजूद पीएचडी के चलते वापस शहर आना पड़ता था, लेकिन अब यूजीसी ने नियम बदल दिए हैं। यानि कि उन्हें अब दूसरी जगह जाकर पीएचडी पूरी करने की छूट मिलेगी।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम, 2022 के तहत अब पीएचडी को ट्रांसफर किया जा सकेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने पीएचडी के नए नियमों में बदलाव कर इस नए नियम को शामिल किया है। इससे पहले 2016 में पीएचडी करने के नए नियम व संशोधन जारी किए गए थे, लेकिन अब नई शिक्षा नीति के मुताबिक संशोधन करते हुए यूजीसी ने अधिसूचना जारी कर दी है।

यूजीसी के नए नियमों के मुताबिक शादी के चलते या अन्य कारणों से महिला शोधार्थी दूसरी जगह जाती हैं और वहां के किसी संस्थान में पीएचडी जारी रखना चाहती हैं तो उन्हें अनुमति दी जाएगी। शोध को दूसरी जगह से करने के लिए सभी नियम और शर्तों का ध्यान रखा जाएगा।

यह भी ध्यान रखा जाएगा कि शोध मूल संस्थान या पर्यवेक्षक द्वारा किसी वित्त पोषण एजेंसी से प्राप्त न किया गया हो। इस नियम के तहत शोधार्थी का अब तक का किया पूरा काम ट्रांसफर हो जाएगा।

नगर निगम में सत्ता में आते ही नक्शे पास करने की प्रक्रिया होगी आसान

## कूड़े के पहाड़ करेंगे साफ, कमर्चारी होंगे पक्के : केजरीवाल

### आम आदमी पार्टी की 10 गारंटियों की घोषणा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आगामी चार दिसंबर को होने वाले नगर निगम (एमसीडी) चुनावों के लिए शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) की 10 गारंटियों की घोषणा की, जिसमें शहर में तीन भराव स्थलों को साफ कराने, नगर निगम में भ्रष्टाचार खत्म करने, निगम कर्मचारियों को समय पर वेतन देने जैसी चीज़े शामिल हैं। केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, आप हमेशा अपने वादों को पूरा करती है। उन्होंने दावा किया कि आगामी नगर निगम चुनाव में भाजपा 20 से ज्यादा सीटें नहीं जीतेगी।

आप के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा, हम गारंटी देते हैं कि हम एक सरल




ऑनलाइन प्रक्रिया से नक्शे पास कराने की शुरुआत करके निगम को भ्रष्टाचार मुक्त बनाएंगे, पार्किंग की जगह की समस्या का स्थायी और व्यावहारिक समाधान प्रदान करेंगे, सड़कों पर उपद्रव पैदा करने वाले आवारा जानवरों को नियंत्रित करेंगे और सड़कों की मरम्मत करेंगे। केजरीवाल ने कहा, आप का इरादा एमसीडी स्कूलों और औषधालयों की गुणवत्ता में सुधार, नगर निगम के तहत पार्कों का सौंदर्यीकरण और अपने कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा, व्यापारियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। हम रूपांतरण शुल्क को खत्म करके, इंस्पेक्टर राज को समाप्त करके और वेंडिंग जोन बनाकर तथा रेहड़ी-पटरी वालों को लाइसेंस प्रदान करके व्यापारियों को राहत देना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि आप को रोकने के लिए निगम चुनाव और गुजरात विधानसभा चुनाव एक साथ हो रहे हैं। केजरीवाल ने कहा, लेकिन आम आदमी पार्टी गुजरात और निगम दोनों चुनाव जीतेगी। उन्होंने कहा, मैं लिख कर दे सकता हूं कि भाजपा 20 से ज्यादा सीटें नहीं जीतेगी। लोगों के साथ पिछले 15 साल से धोखा किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने केंद्र से धन लाने, दिल्ली को कचरा मुक्त बनाने का वादा किया था लेकिन किया कुछ नहीं।

निकाय चुनाव स्थानीय होने के कारण अति महत्वपूर्ण

## निकाय चुनाव में आरक्षण की देरी से प्रत्याशियों की बढ़ती जा रहीं धड़कनें

**वैचारिक तूफान संवाददाता ।**




### टिकट नहीं मिलने से नाराज दावेदार बदल सकते है राजनीति का पाला
### दावेदारों और समर्थक कार्यकर्ताओं की नाराजगी सभी दलों के लिए बन सकती है बड़ी मुसीबत

**लखनऊ।** नगर निकाय चुनाव में आरक्षण के इंतजार में महापौर से लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष,पार्षद,सभासद पद के दावेदारों के साथ राजनीतिक दलों की भी दिक्कतें बढ़ती जा रही है।आरक्षण निर्धारित होने से पहले ही सभी नगर निगमों में महापौर,नगर पालिका परिषद,नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद,नगर निगमों में पार्षद और नगर पंचायतों में सभासद के दावेदारों की लंबी सूची बन गई है।इससे एक ओर जहां दावेदारों के बीच राजनीतिक खींचतान बढ़ रही है।वहीं आरक्षण निर्धारण और अधिकृत प्रत्याशी घोषित होने के बाद राजनीतिक दलों के सामने असंतोष को थामने की बड़ी चुनौती भी होगी।

प्रदेश में निकाय चुनाव को लेकर विभिन्न दलों से दावेदारों ने करीब छह महीने पहले ही तैयारी शुरू कर दी थी।खासतौर पर विधायक का टिकट मिलने से वंचित रहे नेता नगर निगम में महापौर और नगर पालिका परिषदों में अध्यक्ष का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति और पिछ? वर्ग के लिए आरक्षित सीटों पर उसी वर्ग के प्रत्याशी उतारे जाने हैं।लिहाजा टिकट की दावेदारी को लेकर सबसे ज्यादा संघर्ष सामान्य वर्ग की सीटों के लिए है।पिछड़े वर्ग के वोट बैंक को साधे रखने के लिए भाजपा सहित सभी राजनीतिक दल सामान्य की सीट पर भी पिछड़े वर्ग के उम्मीदवार को प्रत्याशी बनाएंगे।ऐसे में सामान्य वर्ग के दावेदारों की दिक्कतें भी बढ़ी हुई है।

नगर निगम के वर्तमान महापौर और नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के मौजूदा अध्यक्षों के साथ आगामी चुनाव में इन पदों पर टिकट के दावेदार आरक्षण के लिए पार्टी मुख्यालय से लेकर नगर विकास विभाग तक चक्कर लगा रहे है।दावेदार पार्टी में चुनाव प्रबंधन से जुड़े पदाधिकारियों को अपने-अपने हिसाब से आरक्षण निर्धारण को लेकर संतुष्ट करने में जुटे हैं।

वहीं नगर विभाग से भी संभावित आरक्षण के लिए पूछताछ कर रहे हैं।

कई दिग्गज एवं उनके सगे सम्बंधी चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे है।जानकारों का कहना है कि निकाय चुनाव के लिए आरक्षण निर्धारित होने के बाद कई दिग्गजों के अरमानों पर पानी फिर सकता है।

विचार

# विपक्ष के लिए संदेश

विपक्ष को यह स्वीकार करना चाहिए कि भाजपा ने अपने लिए एक मजबूत सामाजिक आधार तैयार कर लिया है। उसने 1990 के दशक में उपजे अनेक समीकरणों को खुद में समाहित कर लिया है।

भाजपा विरोधी दलों और समूह अगर चाहें, तो रविवार को आए उप चुनाव नतीजों से एक खास संदेश ग्रहण कर सकते हैं। संदेश यह है कि भाजपा से निपटने की जिस रणनीति के भरोसे वे बैठे हैं, वह कारगर नहीं हो रही है। बल्कि केंद्र की सत्ता में आने के आठ साल बाद आज भी पहल भाजपा के हाथ में ही बनी हुई है। वरना, दक्षिण के तेलंगाना से लेकर पूरब में ओडीशा तक उसके समर्थन आधार में विस्तार होता नजर नहीं आता। वैसे विपक्ष को सबसे बड़ा झटका बिहार की गोपालगंज सीट पर मिला। पिछले अगस्त में जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पाला बदला था, तब राजनीति के दो दशक पुराने व्याकरण में अब तक उलझे समीक्षकों ने एक स्वर से कह दिया था कि अब कम से कम बिहार में तो सियासी सूरत बिल्कुल पलट जाएगी। तुरंत 2024 के आम चुनाव के लिए भविष्यवाणी करते हुए कहा गया था कि उसमें 2019 की तरह ही एकतरफा, लेकिन उलटी दिशा में नतीजा आएगा। लेकिन नीतीश कुमार के पाला बदल वोटों के कथित रूप से अपेक्षित क्वांटम शिफ्ट' के विपरीत भाजपा गोपालगंज सीट बचाने में सफल रही।

अब विपक्ष के लिए यह सिर्फ ढाढस बंधाने के तर्क हैं कि 2020 की तुनाल में भाजपा की जीत का अंतर 36 हजार से घट कर दो हजार पर आ गया। या यह कि अगर ओवैसी की पार्टी और साधू यादव की पत्नी ने मिल कर 19 हजार वोट नहीं काट दिए होते, तो कहानी उलटी होती। यह अगर हर चुनाव का स्थायी अगर है। बहरहाल, इस नतीजे का सबक यह है कि बिहार में भाजपा अपने बूते एक मजबूत ध्रुव बन चुकी है। बेशक ऐसा होने के पीछे उसके पास मौजूद अकूत संसाधान और प्रचार माध्यमों पर उसका पूरा नियंत्रण एक पहलू है। लेकिन इसके साथ ही विपक्ष को यह स्वीकार करना चाहिए कि भाजपा ने अपने लिए एक बेहद मजबूत सामाजिक आधार भी तैयार कर लिया है। उसने 1990 के दशक में उपजे अनेक तर्कों और समीकरणों को खुद में समाहित कर लिया है। जब तक इस सच को स्वीकार विपक्षी समूह अपनी रणनीति नहीं बनाएंगे, वे हर चुनाव का नतीजा आने के बाद मायूस होने के लिए अभिशप्त बने रहेंगे।

## पुरानी पेंशन योजना गेमचेंजर है

गुजरात के विधानसभा चुनाव में तो नहीं लेकिन हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना की बहाली गेमचेंजर होने जा रही है। कांग्रेस ने सरकार बनने के तुरंत बाद पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का वादा किया है। इसके अलावा कांग्रेस ने सेना में चार साल के लिए होने वाली बहाली अग्निपथ योजना को भी बंद करने का वादा किया है। ध्यान रहे हिमाचल में सरकारी कर्मचारी और सेना से जुड़े चुनाव नतीजे तय करने में सबसे अहम जिम्मेदारी निभाते हैं। कांग्रेस की घोषणा से भाजपा बैकफुट पर है। पहले प्रचार किया कि कांग्रेस की घोषणा खोखली है क्योंकि वह राजस्थान में इस योजना को नहीं लागू कर पाई है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने खुद शिमला में इसका जवाब दिया। उन्होंने कहा कि उनके राज्य में यह योजना लागू हो गई है। उसके बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि उनकी सरकार पुरानी पेंशन योजना को सुलझाएगी। असल में भाजपा खुल कर पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का वादा नहीं कर पा रही है क्योंकि देश के ज्यादातर राज्यों में उसकी सरकार है और फिर हर जगह इसे लागू करने का दबाव बनेगा। इसके अलावा केंद्र में भी भाजपा की सरकार है और अगर उसने एक राज्य के लिए यह वादा किया तो फिर केंद्र में भी इसे लागू करने की मांग उठेगी। दूसरी ओर कांग्रेस अभी सिर्फ दो ही राज्यों में सरकार में है और वहां उसे इस योजना को लागू करने में दिक्कत नहीं है। इसलिए वह हर चुनाव में इसका वादा कर रही है।

# भारत में डिजिटल भुगतान की सुविधा

**अजय दीक्षित**

> "डिजिटल इंडिया का एक प्रमुख उद्देश्य फेसलेस, पेपरलेस, कैशलेस सेवाओं के लक्ष्य को हासिल करना है । हमारे देश के प्रत्येक वर्ग को डिजिटल भुगतान सेवाओं के दायरे में लाने के लिए भारत सरकार द्वारा डिजिटल भुगतान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है । इसका उद्देश्य भारत के सभी नागरिकों को सुविधाजनक, आसान, किफायती, त्वरित और सुरक्षित तरीके से निर्बाध डिजिटल भुगतान की सुविधा प्रदान करना है । पिछले तीन वर्षों के दौरान भारत में डिजिटल भुगतान लेन-देन में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है । डिजिटल भुगतान के आसान और सुविधाजनक तरीके जैसे भारत इंटरफेस फॉर मनी - यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (भीम-यूपीआई); तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस ); से प्री-पेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स (पीपीआई) और नेशनल इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन (एनईटीसी) सिस्टम में

हाल के वर्षों में भारत ने अपनी शासन व्यवस्था में तकनीकी क्रांति को देखा है । सरकारी सेवाओं को धीरे धीरे और लगातार तकनीक के साथ जोड़ा जा रहा है और आज अंतिम व्यक्ति तक सेवाएं माउस के केवल एक क्लिक के साथ कुछ ही सेकंडों में पहुंच रही हैं । वित्तीय क्षेत्र और अर्थव्यवस्था को डिजिटल बनाने की भारत सरकार की रणनीति के मद्देनजर पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल भुगतान लेन-देन लगातार बढ़ रहे हैं । भारत के परिवर्तित डिजिटल भुगतान परिदृश्य के केन्द्र में प्रमुख प्रवर्तक जैम ट्रिनिटी– जन धन, आधार और मोबाइल है । प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) दुनिया में सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है, जिसे अगस्त, 2014 में शुरू किया गया था, ताकि बैंकिंग सेवाओं से दूर प्रत्येक परिवार को इसके दायरे में लाया जा सके। जन-धन खातों, आधार और मोबाइल सेवाओं ने एक साथ मिलकर %डिजिटल इण्डिया% की नींव रखने में मदद की है, जिसके माध्यम से बिना किसी बिचौलिए के नागरिकों तक सरकारी सेवाओं को सुगमता से पहुंचाया जा रहा है ।

डिजिटल इंडिया का एक प्रमुख उद्देश्य फेसलेस, पेपरलेस, कैशलेस सेवाओं के लक्ष्य को हासिल करना है । हमारे देश के प्रत्येक वर्ग को डिजिटल भुगतान सेवाओं के दायरे में लाने के लिए भारत सरकार द्वारा डिजिटल भुगतान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है । इसका उद्देश्य भारत के सभी नागरिकों को सुविधाजनक, आसान, किफायती, त्वरित और सुरक्षित तरीके से निर्बाध डिजिटल भुगतान की सुविधा प्रदान करना है । पिछले तीन वर्षों के दौरान भारत में डिजिटल भुगतान लेन-देन में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है । डिजिटल भुगतान के आसान और सुविधाजनक तरीके जैसे भारत इंटरफेस फॉर मनी - यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (भीम-यूपीआई); तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस ); से प्री-पेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स (पीपीआई) और नेशनल इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन (एनईटीसी) सिस्टम में पर्याप्त वृद्धि



दर्ज की है और व्यक्ति-से-व्यक्ति (पीटूपी) के साथ-साथ व्यक्ति-से-व्यापारी (पीटूएम) भुगतानों को गति देकर डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र को बदला जा रहा है ।

भारत सरकार ने डिजिटल भुगतान समाधान ई-रुपी भी लॉन्च किया, जो डिजिटल भुगतान के लिए एक कैशलेस और सम्पर्क रहित साधन है, जिससे देश में डिजिटल लेनदेन में बढ़ोत्तरी के साथ ही प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) को और अधिक प्रभावी बनाया गया है । इन सभी सुविधाओं ने मिलकर एक डिजिटल वित्त अर्थव्यवस्था के लिए मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र तैयार किया है । यूपीआई को भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र में एक क्रांतिकारी उत्पाद बताया गया है । इसका शुभारंभ 2016 किया गया, यह आज डिजिटल लेनदेन करने के लिए देश में सबसे लोकप्रिय उपकरणों में से एक के रूप में उभरा है । यूपीआई ने डिजिटल भुगतान को एक आदत बनाने और भारत को कैशलेस अर्थव्यवस्था की ओर मजबूती से खड़ा करने में एक लम्बा

सफर तय किया है । अकेले अगस्त, 2022 में 346 बैंक यूपीआई इंटरफेस पर मौजूद थे, जिसके माध्यम से 6.58 बिलियन वित्तीय लेनदेन हुए हैं, जिसका कुल मूल्य 10.73 लाख करोड़ रुपये है । यूपीआई के माध्यम से वर्तमान में 40 प्रतिशत से अधिक डिजिटल लेनदेन हो रहे हैं । यूपीआई का लाभ छोटे व्यवसायों और रेहड़ी-पटरी वालों को भी हुआ है, क्योंकि इसके माध्यम से कम राशि के लेनदेन को भी तेजी से और सुरक्षित तरीके से किया जा सकता है । यह प्रवासी श्रमिकों के लिए त्वरित धन हस्तांतरण की सुविधा भी प्रदान करता है ।

भारत लगभग 40 प्रतिशत रीयल-टाइम डिजिटल भुगतान के साथ दुनिया में सबसे आगे है । वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान भारत में डिजिटल भुगतान में साल-दर-साल 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । भारत ने 2021 (48.6 बिलियन) में वास्तविक समय के लेनदेन की सबसे बड़ी संख्या को हासिल किया है- यह निकटतम चुनौती देने वाले चीन (2021 में 18 बिलियन लेनदेन) की तुलना में लगभग तीन गुना और दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाएं- अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी (7.5 बिलियन) के संयुक्त वास्तविक समय भुगतान की तुलना में लगभग सात गुना अधिक है । यूपीआई के माध्यम से जुलाई में 6.28 बिलियन लेन-देन हुए, जिसका कुल मूल्य 10.62 ट्रिलियन रुपये था, जो 2016 में शुरुआत के बाद से सबसे अधिक है । बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का डिजिटल भुगतान बाजार 2026 तक तीन ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 10 ट्रिलियन डॉलर हो जायेगा । डिजिटल भुगतान (गैर-नकद) 2026 तक सभी भुगतानों का लगभग 65 प्रतिशत होगा, यानी 3 में से 2 लेनदेन डिजिटल होंगे

# कनाडा में सिख बोलबाले के कई आयाम

**विवेक सक्सेना**

पिछली जस्टिन ट्रूडो सरकार में हरजीत सिंह सज्जन देश के रक्षा मंत्री थे। ट्रूडो का कहना था कि भारत के मोदी मंत्रिमंडल से दुगने सिख मंत्री मेरी सरकार में शामिल है। हरजीत सिंह कनाडा के पूर्व सैन्य अधिकारी थे। वहां की अदालतों में सिखों का कृपाण रखने की छूट भी दी जा चुकी है। यदि आप कनाडा में वेंकूवर के सरे इलाके में जाए तो आपको अंग्रेजी में बात करने की जरुरत नहीं होगी। देख कर ऐसा लगता है कि जैसे कि आप दिल्ली के तिलक नगर में आ गए हो। उस इलाके के बाजार में ज्यादातर दुकानदार सिख व पंजाबी हैं। शहर में गुरुद्वारों की संख्या काफी अधिक है।

अब हालत बहुत बदल गए हैं। यदि आप कनाडा में वेंकूवर के सरे इलाके में जाए तो आपको अंग्रेजी में बात करने की जरुरत नहीं होगी। देख कर ऐसा लगता है कि जैसे कि आप दिल्ली के तिलक नगर में आ गए हो। उस इलाके के बाजार में ज्यादातर दुकानदार सिख व पंजाबी हैं। शहर में गुरुद्वारों की संख्या काफी अधिक है। कनाडा की जानी मानी पुलिस %आरसीएमपी' (रायल कनाडियन माउट्रेड पुलिस) में पहले सिख पुलिसवालों को दाढ़ी रखने पर प्रतिबंध था। बाद में वे दाढ़ी रखने का मुकदमा जीत गए। वहां कई पुराने गुरुद्वारों को राष्ट्रीय महत्व के गुद्वारे का सम्मान दिया गया है। अनेक अवसरों पर नगर कीर्तन का जुलूस निकालने की अनुमति दे दी जाती है। जनसंख्या में सिखों व हिंदुओं का हिस्सा महज पांच फीसदी से कम है पर चुनाव में राजनीतिक दल उन्हें खास महत्व देते हैं। वेंकूवर में तो सिखों ने एक अपना अलग स्कूल तक खोला हुआ है। वहां रेस्तरां, भवन निर्माण, ट्रांसपोर्ट व व्यापार में तो मानो सिखों का लगभग एकाधिकार है। इसके अलावा उन्होंने अपने नाम से बैंक तक खोली हुई है।

जब अपने पिछले कार्यकाल के दौरान वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारत आए थे तो वे अपने साथ जिन सिख प्रतिनिधियों को लाए थे उनमें एक का नाम भारत द्वारा घोषित आतंकवादी भी था। तब हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी इस हरकत पर नाराजगी जताने के लिए उन्हें ज्यादा महत्व नहीं दिया था व खुद उनकी आवभगत करने के बजाए उन्हें भारत में आने-जाने की जिम्मेदारी अपने राज्य मंत्री को सौंप दी थी। ऐसा करके उन्होंने जस्टिन ट्रूडो से नाराजगी जतायी थी। हालांकि जस्टिन ट्रूडो का दिल्ली की एक गुरुद्वारे में काफी सम्मान किया गया था।

बहुत बुरा संयोग था जो अमेरिका में आतंकवादियों द्वारा किए गए 9/11 के विमान हमले के पहले आतंकवादियों द्वारा सबसे पहले विमान को आतंकवाद का निशाना बनाने की घटना कनाडा में ही घटी थी। 23 जून 1985 को कनाडाई आतंकवादियों ने विमान को हाइजेक कर लिया था। इस विमान में रखे बम में अचानक विस्फोट हो जाने के कारण इसमें सवार सभी 392 यात्रियों की मौत हो गई। तब इस कांड के पीछे आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा का नाम सामने आया था। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ पुलिस में गिनी जाने वाली आरसीएमपी' द्वारा दोषियों को पता लगाने के लिए भारत सरकार का अनुरोध नहीं माना था। कुछ महीने पहले ही इस कांड में एक प्रमुख अभियुक्त की वेंकूवर में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। वह कुछ साल पहले ही जेल से रिहा हुआ था। खालिस्तान सरीखे मुद्दे पर पृथकतावादी आंदोलन चलाने वाली संस्था सिख फार जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू जो कि अमेरिका में रहता है, उसके द्वारा कनाडा में सक्रिय रहने के कारण हमारी सरकार कनाडा सरकार से काफी नाराज रहती है।

# राजधानी

## 14 नवम्बर 2022 को रजत जयन्ती समारोह पर आरोग्य स्वास्थ्य मेले का होगा आयोजन

### उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक रहेंगे मुख्य अतिथि

**वैचारिक तूफान,आर एल पाण्डेय**

लखनऊ। सरस्वती डेण्टल कालेज का एण्ड हास्पिटल का रजत जयन्ती वर्ष 14 नवम्बर 2022 से प्रारम्भ हो रहा है। उक्त जानकारी देते हुए चेयरपर्सन श्रीमती मधु माथुर और प्रेसिडेंट डॉक्टर रजत माथुर ने बताया कि नैक ए से मान्यता प्राप्त अयोध्या रोड तिवारी गंज पर स्थित सरस्वती डेण्टल कालेज एण्ड हास्पिटल अपने स्थापना दिवस 14 नवम्बर 2022 को 25वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस अवसर पर चिकित्सालय द्वारा जनमानस के कल्याणार्थ मुख्यतः दन्त चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य सम्बन्धी देखभाल एवं अनुसंधान के क्षेत्र में सम्पूर्ण प्रदेश में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने के उद्देश्य से आरोग्य स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ करने हेतु पूर्णतयः तत्पर एवं सजग है।

पूर्णतयः निःशुल्क समस्त सुविधाओ से सुसज्जित 14 नवम्बर 2022 को रजत जयन्ती समारोह को प्रारम्भ होने वाले आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विशाल जनसमूह के उपस्थित होने की पूर्ण सम्भावना है जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य के अनेकोनेक विशिष्ट गणमान्य अतिथि के साथ ही विभिन्न कौशल कला सम्पन्न होनहार बालक-बालिकाए चिकित्सा सम्बन्धी विशेष योग्यता प्राप्त चिकित्सक तथा समाज के अन्य क्षेत्रो के विशेष गणमान्यजन के उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा को अत्यधिक गौरवान्वित करेगी। पहले से सदा की भाँति स्वच्छता-सुसज्जा मे प्रसिद्ध सरस्वती डेण्टल कालेज एण्ड हास्पिटल अपने रजत जयन्ती समारोह के प्रारम्भ के लिए अब और भी रंग-बिरगें झण्डो साइन बोर्ड व होर्डिंग्स से सुसज्जित है। कालेज के दूरदर्शी संस्थापक स्वर्गीय लेफ्टिनेंट कर्नल टी.एस. माथुर का भारतीय सेना के डेण्टल कोर में सदा ही उत्कृष्ट करियर रहा डेण्टल एवं अन्य चिकित्सीय सेवाओ में वे अपने कार्यकाल के दौरान सम्पूर्ण भारत में दन्त चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाओं की भारी माँग और चुनौतियों का सामना करने के लिए दन्त चिकित्सा से जु? चिकित्सक की भारी कमी की प्रतिपूर्ति हेतु सदा जागरूक रे। जिसके दृष्टिगत उन्होने राष्ट्रिय स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकताओं का समर्थन और उसे पूरा



करने के लिए सर्वप्रथम सरस्वती मेडिकल एण्ड डेण्टल सोसायटी की स्थापना की तथा नब्बे के दशक में उन्होने विनम्र कदम उठाते हुए वर्ष 1998 में दन्त चिकित्सा क्षेत्र में कार्य करना प्रारम्भ किया और धीरे-धीरे डेण्टल कालेज को बी.डी.एस का रूप प्रदान किया तथा सफलतापूर्वक निरन्तर कार्य करते हुए वर्ष 2005 में कालेज को एम. डी. एस. के लिए अनुमोदित किया। अनुमोदन के पश्चात निरन्तर सफलता की शीर्ष को प्राप्त करते हुए नतीजा वर्तमान में यह है कि आज संस्थान में 100 बी.डी.एस. तथा 33 एम. डी. एस. का वार्षिक सेवन है। संस्थान सदा ही प्रतिष्ठित डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से सम्बध है। उल्लेखनीय है कि दो दशको के अधिक समय में संस्थान अपने उत्कृष्ट सेवाओं से निरन्तर सफलता के शिखर तक पहुँचता चला गया जिसके तहत यह संस्थान सम्पूर्ण भारत में दन्त चिकित्सा संस्थानो में से एक अलग अनूठी पहचान बनाते हुए निरन्तर क्रियाशील है। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2012 से 2014 तक इस कालेज एवं हास्पिटल को सम्पूर्ण उत्तर भारत में शीर्ष निजी डेण्टल कालेज के रूप में स्थान दिया गया। सर्वप्रथम पायनियर द्वारा इस कालेज एवं हास्पिटल को 5 स्टार का दर्जा दिया गया। वर्ष 2016 में यह लखनऊ शहर में प्रथम एनएएसी ÷ए÷ मान्यताप्राप्त दन्त चिकित्सा संस्थान और पूरे प्रदेश में चतुर्थ संस्थान बना । संस्थान को डीएसआईआर, भारत सरकार द्वारा वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान संगठन सीरो के रूप में मान्यता प्राप्त हुयी जिसे अर्न्तराष्ट्रिय शिक्षा शिखर सम्मेलन और पुरस्कारो द्वारा शिक्षाविदो और नैदानिक अनुसंधान में उत्कृष्अ डेण्टल कालेज के रूप में स्थान प्राप्त है।सस्थान को एनआईआरएफ द्वारा वर्ष 2021 में 27वाँ स्थान प्रदान किया गया। संस्थान 2019 से लगातार 2023 में अपने दूसरे चक्र में एनएएसी के लिए तत्पर है। विगत दो दशकों के दौरान कालेजन ने 20 से अधिक प्रतिष्ठित अर्न्तराष्ट्रिय / राष्ट्रिय संगठनो, संस्थानो फर्मो और गैर सरकारी संगठनों के साथ मजबूत सम्बन्ध समझौता ज्ञापन और गठजोड स्थापित किया। यह उन्नत भारत अभियान में भारत सरकार के साथ साझेदारी कर रहा है और मौखिक स्वास्थ देखभाल तथा सहायता प्रदान करने हेतु 22 गाँवो और विद्यालयो का अपनाया है।

मजबूत नैतिक और नैतिक मूल्यों, पेशेवरों के साथ उत्कृष्टता एवं गुणवत्ता के बुनियादी ढाँचे तथा अकादमिक उद्योग समुदाय के रचनात्मक जुडाव पर आगे ब?ते हुए और वर्तमान में संस्था की चेयरपर्सन श्रीमती मधु माथुर तथा प्रेसिडेंट डा0 रजत माथुर के निरन्तर गतिशील दूरदर्शी नेतृत्व द्वारा संचालित संगठन उच्च गौरव को छूने के लिए तत्पर है

संस्थान ने नवम्बर 2023 तक अपने रजत जयन्ती वर्ष के प्रत्येक माह के लिए उत्सव और रूचिकर गतिविधियों की योजना बनाई है और सभी संकायों के छात्र-छात्राये एवं कर्मचारीजन इस अनूठे अवसर और आगामी कार्यक्रमों का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित है।

## भैस बांधने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, घायल

**निगोहां।** निगोहां ने नहर खेडा गांव में बंजर भूमि पर भैंस बांधने को लेकर एक पक्ष के अपने परिवारीजनों के साथ मिलकर भैंस बांध रहे दूसरे पक्ष पर लाठी डंडो और कुल्हाड़ी से हमला कर लहुलुहान कर दिया। मारपीट में एक पक्ष से चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

निगोहां के रघुनाथ खेडा गांव निवासी अवधेश कुमार ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 7ः00 बजे अपने बेटे सत्य पकाश, आशु और भतीजे शिवम के साथ अपनी कई भैंसों को लेकर नहर खेड़ा स्थित बंजर भूमि पर अपनी भैंसों को बांध रहा था, तभी नहर खेड़ा गांव निवासी रामशंकर अपने बेटे बब्लू , नरेंद व परिवार के ही लवकुश के साथ लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से लैस होकर आ धमके और भैंस बांधने की बात को लेकर हमला कर दिया। घटना में अवधेश और उनके बेटे और भतीजा लहूलुहान हो गए। निकले खून से लथपथ घायल निगोहां थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी मोहनलालगंज भेजा।

## रक्तदान शिविर से 30 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया




**लखनऊ।** रक्तदान महादान! इस विचार के साथ दिनांक 12.11.2022 को सेंट क्लेयर कॉन्वेंट स्कूल, हरदोई रोड काकोरी, नियर हयात हॉस्पिटल लखनऊ ने अपने रजत जयती वर्ष 2022 - 2023 के अवसर पर च.त्व.रू के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन अपने विद्यालय परिसर मे कराया। इस शिविर में विद्यालय प्रशासन, शिक्षको एवं अभिभावको एवं विद्यार्थियो ने जोश एवं उत्साह के साथ भाग लिया। इस शिविर मे लगभग 30 लोगो ने रक्तदान करके रक्तदान के महत्त्व को लोगो तक पहुचाया। इस रक्तदान शिविर से 30 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया।

## नगदी लेकर विवाहिता प्रेमी संग फरार

**नगराम।** नगराम के छंगा खेड़ा गांव निवासी एक विवाहिता घर से जेवर वह नगदी बटोर कर प्रेमी संग भाग गयी। काफी खोजबीन के बाद हुई जानकारी पर विवाहिता के पति द्वारा गांव के ही तीन युवकों पर आशंका जाहिर करते हुए विवाहिता को भगा ले जाने के बाबत मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच की जा रही है। नगराम के देवती का मजरा छंगा खेड़ा गांव निवासी दिलीप ने बताया कि बीते गुरुवार की रात वह घर में सोए हुए थे पत्नी संध्या बगल के कमरे में लेटी हुई थी। उसके हो जाने के बाद पत्नी संध्या घर के जेवरात व दस हजार की नगदी लेकर फरार हो गई। सुबह जागने पर हुई जानकारी के बाद इधर उधर खोजबीन करता रहा बाद में पता चला कि गांव के ही लवकुश सुरेश व अजीम सभी ने मिलकर उसे भगा ले गए । प्रभारी निरीक्षक नगराम हेमंत कुमार राघव ने बताया कि विवाहिता के पति दिलीप द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर छंगा खेड़ा गांव निवासी लवकुश सुरेश व अजीम के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है

## विद्याज्ञान सीतापुर ने जीती कोलोसियम ट्राफी लखनऊ पब्लिक कॉलेज गोमती नगर रनर

**वैचारिक तूफान,आर एल पाण्डेय**

लखनऊ। लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज द्वारा आयोजित कोलोसियम - इंटर स्कूल स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप ‍ 2022, के अंतिम दिन अधिकतम 228 पॉइंट पाकर विद्याज्ञान, सीतापुर ने कोलोसियम ट्राफी अपने नाम की, 166 पॉइंट पाकर लखनऊ पब्लिक कॉलेज, गोमती नगर रनर तथा 110 पॉइंट पाकर लखनऊ पब्लिक कॉलेज, सहारा स्टेट्स ब्रांच सेकंड रनर रही 7

मुख्य अतिथि श्री रत्न संजय (आईपीएस ), पुलिस महानिरीक्षक- सीमांत मुख्यालय ,सशस्त्र सीमा बल , लखनऊ एवं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑ? इंडिया में तैनात खेलो इंडिया उ0 प्र0 के प्रभारी गुरुजीत सिंह टिवाना, महाप्रबंधक डॉ. एस. पी. सिंह, पूर्व एम एल सी कान्ति सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर सुशील कुमार, सीनियर डायरेक्टर आशा सिंह, डायरेक्टर्स - हर्षित सिंह, नेहा सिंह, गरिमा सिंह, शिखर पाल सिंह, डिप्टी डायरेक्टर




मीना टांगड़ी, प्रिंसिपल्स ङ्क ज्ञानेंद्र कुमार, मीना तिवारी, सुचित्रा चक्रबर्ती, डॉ रुपाली पटेल, अनीता चौधरी, सुनंदा माथुर, कहकशां अरबी, भारती गोसाई, एवं के के शर्मा ने खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया द्य

आदित्य कुमार सिंह (अंडरङ्क14 ब्वॉयज 100 मीटर रेस), विवेक कुमार सरोज ( अंडर-14 ब्वॉयज 400 मीटर रेस), सिद्धांत शुक्ला (अंडर-14 ब्वॉयज डिस्कस थ्रो), कार्तिक प्रजापति (अंडर-14 ब्वॉयज हर्डल रेस), आर्यन सिंह (अंडर-14 ब्वॉयज ट्रायथलोन), साक्षी सिंह (अंडर-14 गर्ल्स हर्डल रेस 80 मीटर ), अनुष्का सिंह (अंडर-14 गर्ल्स 100 मीटर दौंड), अग्रिमा भटनागर (अंडर-14 गर्ल्स 400 मीटर दौंड), अनिवेशा यादव (अंडर-14 गर्ल्स डिस्कस थ्रो), शुभांशी द्विवेदी (अंडर-14 गर्ल्स ट्रायथलोन), अनिकेत कुमार सिंह (अंडर-19 ब्वॉयज 100 मीटर दौंड), अनिकेत कुमार सिंह (अंडर-19 ब्वॉयज 400 मीटर दौंड), आदित्य प्रजापति (अंडर-19 ब्वॉयज 1500 मीटर दौंड), सूर्यांश पाल सिंह (अंडर-19 ब्वॉयज हाई जम्प), शिवांश सिंह (अंडर-19 ब्वॉयज डिस्कस थ्रो), सूर्यांश पाल सिंह (अंडर-19 ब्वॉयज हर्डल रेस), शिखर गौतम (अंडर-19 ब्वॉयज हेक्साथ्लोंन), जानवी कन्नौजिया (अंडर-19 गर्ल्स 100 मीटर दौंड), रिमझिम मनराज (अंडर-19 गर्ल्स 400 मीटर दौंड), शिवांकी पाल (अंडर-19 गर्ल्स 1500 मीटर दौंड), निष्ठा गुप्ता (अंडर-19 गर्ल्स हाई जम्प), सुचिता वर्मा (अंडर-19 गर्ल्स डिस्कस थ्रो), ?ुशी यादव (अंडर-19 गर्ल्स हर्डल रेस), देव दक्ष पटेल (अंडर-12 ब्वॉयज बाल थ्रो) व अदिति सिन्हा (अंडर-12 गर्ल्स बाल थ्रो) प्रथम स्थान पाकर गोल्ड जीते द्य

## एस के डी अकादमी के शशांक व सृष्टि को स्वर्ण एवं आकाश व अमृत ने रजत पदक जीता

**लखनऊ।** एस के डी अकादमी के शशांक चंद्रा को हाई जम्प में स्वर्ण पदक , सृष्टि सिंह को बाल थ्रो में स्वर्ण पदक एवं 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त हुआ । वहीं शॉटपुट प्रतियोगिता में आकाश व अमृत को रजत पदक प्राप्त हुआ ।

यह सभी पदक इंटर स्कूल राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप कोलोसियम 2022 में आयोजित प्रतियोगिताओं में बच्चों ने भाग लिया एवं विजयी हुए साथ ही एस के डी अकादमी का नाम रौशन किया ।

सभी विजयी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए विद्यालय के निदेशक श्री मनीष सिंह जी ने खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन पर शुभकामनाएं दीं व बहुत आशीर्वाद दिया।

## व्यापारी मंगल दिवस की बैठक आज नगर निगम कार्यालय लाल बाग में संपन्न हुई

**वैचारिक तूफान,आर एल पाण्डेय**

लखनऊ। लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री अमरनाथ मिश्र ने बताया कि 10 नवंबर को संपन्न हुई व्यापारियों के साथ बैठक में माननीय नियर साहिबा संयुक्ता भाटिया जीके घोषणा के बाद माह के हर दूसरे शनिवार को मंगल व्यापारी दिवस की बैठक संपन्न होगी जिसके तहत आज माननीय महापौर साहिबा संहिता भाटिया जी की अध्यक्षता में व्यापारी मंगल दिवस की शुरुआत की गई जिसमें सभी जोन के जोनल अधिकारी अपर नगर आयुक्त एवं नगर आयुक्त उपस्थित रहे।

अमरनाथ मिश्र जी ने कहां आज व्यापारियों के लिए नगर निगम में ऐतिहासिक क्षण रहा , व्यापारी टैक्स जमा करना चाहता है विभाग भी जमा कराना चाहता है ऐसे में माननीय महापौर जी द्वारा बनाई गई व्यवस्था व्यापारियों एवं विभाग के बीच पुल का काम करेगी। इस ऐतिहासिक कार्य के लिए माननीय महापौर साहिबा जी को धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त किया अब हर महीने इस दिवस पर व्यापारियों की समस्या का



समाधान होता रहेगा।

लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री अमरनाथ महामंत्री अनुराग मिश्र उमेश शर्मा सतीश अग्रवाल राजेंद्र सिंह बग्गा सुशील तिवारी संदीप कांत राजन अमित अग्रवाल आदि ने व्यापारियों की समस्या को नगर निगम कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठकर निस्तारित करवाई।

बैठक में मुख्य रूप से अमीनाबाद लाटूश रोड डालीगंज राजाजीपुरम गणेशगंज नादरगंज जनपथ मार्केट हजरतगंज लालबाग आदि बाजारों के व्यापारियों ने अपनी अपनी समस्या लेकर नगर निगम कार्यालय पहुंचे और समस्या का निस्तारण कराया।

# किसानों के लिए मुसीबत बने अन्ना गोवंश

वैचारिक तूफान, सुनील कुमार बाजपेयी

बांदा - उत्तरप्रदेश के बुंदेलखंड में अन्ना प्रथा हमेशा से एक बड़ी समस्या रही है अभी तक की सभी सरकारों ने निपटने का उपाय किया गया है। लेकिन इस समस्या पर किसी को भी कामयाबी नहीं मिल पाई है। वहीं जब से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में सरकार बनी है तब से अन्ना गोवंशों के लिए अस्थाई एवं स्थाई गौशालाओं का निर्माण कराया गया है। लेकिन बदले में इस समय अन्ना प्रथा और भी ज्यादा हो गई है। क्योंकि गोवंशओं का बिकना बंद हो गया। जिसके कारण से लोग गोवंशओं को घर में नहीं रखना चाहते हैं। इसके लिए यह और बड़ी समस्या बन कर सबके सामने खड़ी हो गई।

भाजपा सरकार अन्ना प्रथा पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित होती नजर आ रही है। लगातार गौ संरक्षण के लिए सरकार द्वारा कई आदेश दिए गए और लाखों का बजट भी पास किया गया। लेकिन व्यवस्था जस की तस है आंकड़ों के मुताबिक प्रति गाय 900 रुपए महीना प्रति गोवंश सरकार द्वारा दिया जाता है



लेकिन गाय को खाने में पयार या सुखा हुआ सड़ा भूसा ही दिया जाता है। आखिर कब तक इन बेजुबानों पर यूंही अत्याचार होता रहेगा??

आपको बताते चलें कि बुंदेलखंड में अन्ना प्रथा कोई नई बात नहीं है यह बहुत ही पुरानी प्रथा है इससे निजात पाने के लिए सभी वर्गों को साथ मिलकर काम करना होगा चाहे वह किसान हो चाहे अधिकारी हो या जन प्रतिनिधि हो या अन्य क्षेत्रों से जुड़े हुए लोग सभी लोग अगर मिल जुलकर के इस में कार्य को करेंगे तो ही इसमें सफलता मिलेगी अन्यथा की स्थिति में अगर किसानों की फसलें नहीं बच पाई तो किसान तो भूखा मरेगा ही लेकिन महंगाई सभी वर्गों पर पड़ेगी क्योंकि जब किसान अन्न उगाता है। तभी सभी लोग खाते हैं हमारा देश भी कृषि प्रधान देश है। किसान हमारे देश की रीड की हड्डी है उस को मजबूत करना हम सभी का फर्ज है।

बात करें बांदा जनपद की तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा योजनाओं के माध्यम से कान्हा गौशाला श्यामा गौशाला स्थाई गौशाला और अस्थाई गौशालाओ का निर्माण करवाया गया है। लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इन जानवरों के लिए व्यवस्था पूरी नहीं हो पा रही है। सड़कों पर अन्ना जानवर घूम रहे हैं किसानों की फसलों के बर्बाद कर रहे हैं। तो नन्ही कुछ गौशाला में जानवर अंदर कर दिए गए हैं वहां भूख प्यास से जानवर तड़प रहे हैं। व्यवस्थाओं के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। अभी कल ही नरैनी तहसील के दर्जनों किसानों ने उपजिलाधिकारी नरैनी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा है। किसानों ने कहा है कि अगर अन्ना प्रथा पर रोक नहीं लग रही है। हमारी फसने लगातार बर्बाद हो रही हैं। अगर कोई बड़ा कदम नहीं उठाया जाता तो हम अनशन के लिए मजबूर होंगे, सवाल यह उठता है की आखिर गोवंश कि ऐसी स्थिति क्यों हो गई। केवल गौशाला बनाकर के गौशाला के अंदर उन्हें डालना ही उपाय नहीं है इसके लिए एक बहुत बड़ी व्यवस्था की आवश्यकता है। आपको बताते चले कि बुंदेलखंड इलाके में भटकते पशुधन के कारण हर साल औसतन 35 से 40 फीसदी फसल नष्ट होती है । किसानों के सामने यह समस्या इतनी जटिल है की बढ़ते परिवार और बटवारे के कारण उनकी खेती की जमीन तो घटती गई । प्रकृति के प्रकोप ने भी उनकी समस्याओ को और बढ़ाया खुद के अनाज और जानवरों के लिए भूसे की समस्या उत्पन्न हो गई । , खुद उनके और उनके परिवार के लिए दो जून की रोटी की जुगाड़ मुश्किल हो गई , मजदूरी के लिए पलायन करना पड़ा सो अलग ऐसे में जानवरो को खुला छोड़ने के अलावा और कोई विकल्प उन्हें नहीं समझ आया। आ रहा है कुछ किसान को बंधुओं को अपने घर में भी रखे हैं लेकिन समय के हिसाब से उनकी संख्या बढ़ जाएगी उनको आखिर कब तक किसान अपने घर पर रख पाएगा यह भी एक चिंता का विषय है। वही बात करें बांदा जनपद की तो बांदा जनपद में अभी कुछ दिन पहले जिलाधिकारी दीपा रंजन ने भी कार्यभार संभाला है ।

# सीडीओ ने जन चौपाल में सुनी शिकायतें दिए निर्देश

वैचारिक तूफान संवाददाता

सीतापुर .मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा ने शनिवार को बेहटा ब्लाक के ग्राम सुमेर में हुई जनचौपाल में उपस्थित हुये।

इस दौरान उन्होंने लोगों की शिकायतों को सुना। ग्रामीणों ने गोल्डन कार्ड, पेंशन, आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ न मिलने की शिकायत की, जिसके निस्तारण हेतु उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने स्वयं खड़े होकर गोल्डन कार्ड भी बनवाए। उन्होंने कार्यों में शिथिलता बरतने पर पंचायत सहायक को कार्य प्राणली में सुधार करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने बताया की संचारी रोगों का सर्वे अभी तक नहीं किया गया है। जनचौपाल में मुख्य विकास अधिकारी ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही समस्या आने पर बीडीओ व एडीओ पंचायत से संपर्क करने का आह्वाहन किया। मुख्य विकास अधिकारी ने इसके बाद बाउंड्रीवॉल निर्माण का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने विद्यालय की जमीन को कब्जा मुक्त कर खेल का मैदान बनाने हेतु निर्देशित किया। परिसर में पहुंचकर प्रधानाचार्य जगत नारायण सिंह से शिक्षकों व बच्चों के पंजीकरण की भी जानकारी ली। उन्होंने लघु सिंचाई विभाग द्वारा नलकूप हेतु एक लाभार्थी को दिए गए अनुदान का निरीक्षण लाभार्थी के खेत जाकर किया।

इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी आत्मप्रकाश रस्तोगी, जे0ई0 मंशाराम, एडीओ सहकारिता सिद्धार्थ आर्य, एडीओ पंचायत के0पी0 सिंह आदि मौजूद रहे।

# एक नजर

## घर पर सो रही किशोरी से दुष्कर्म

**फतेहपुर।** किशोरी के साथ घर में घुसकर गुरुवार रात दुष्कर्म किया गया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। सुल्तानपुर घो?ष थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 13 साल की किशोरी घर के अंदर सो रही थी। किशोरी के पिता का आरोप है कि गांव के परवेज ने घर में घुसकर बेटी के साथ दुष्कर्म किया। उसे जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी जल्द ही पकड़ में जा जाएगा।

## गैंगेस्टर के मामले में दो आरोपी दोषमुक्त

**फतेहपुर। गैं**गस्टर के मामले में कोर्ट ने दो आरोपियों को दोषमुक्त किया है। खखरेरू पुलिस ने छह सितंबर 1990 को लोधौरा गैंग के सक्रिय सदस्य धाता के जाम निवासी दशरथ और कौशांबी के पइंसा थाने के काजीपुर निवासी बौरा पासवान को गिरफ्तार किया था। गैंगस्टर के तहत जेल भेजा था। पैरवी पक्ष के वकील राजेश राय ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट ने दोषमुक्त किया है।

## एनडीपीएस के मामले में आरोपी को 11 माह का कारावास

**फतेहपुर।** एनडीपीएस कोर्ट ने पांच किलो गांजा के साथ पकड़े गए आरोपी को 11 माह के कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। बिंदकी पुलिस ने 2014 में बड़ी बाजार खजुहा निवासी सुनील कुमार लोधी को गिरफ्तार किया था। उसके पास से गांजा बरामद किया था। मामले में कोर्ट ने सुनील को सजा सुनाई है।

## लाइनमैन को पीटा, दो पर मुकदमा

**फतेहपुर।** चोरी से नलकूप का कनेक्शन चलाने का विरोध करने पर लाइनमैन की दो लोगों ने पिटाई कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। असोथर थाना क्षेत्र के झब्बापुर निवासी राजेश कुमार गाजीपुर असोथर फीडर का संविदा लाइनमैन हैं। लाइनमैन ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि कल्लू, बंटू ने खेत में लगे नलकूप का फ्यूज जुड़वाने के लिए उसे बुलाया। उनकी पहले लाइन काटी जा चुकी थी। इसी वजह से कनेक्शन के बारे में पूछताछ करने लगा। तभी दोनों ने लात घूंसों से उसकी पिटाई कर दी।

## किसानो के सम्मान के लिए हम सदैव तत्पर हूंः रंजना चौधरी

**ऊंचाहार।** किसानो के मान सम्मान के लिए हम सदैव तप्पर हूं जिनका अपमान न होने दूंगी जिसके लिए हमारे दरवाजे 24 घंटे खुले हैं किसान के बदौलत हम सब विभिन्न आनाज प्राप्त करके उसका सेवन करके जीवन यापन कर रहे है वे हमारे अन्नदाता हैं उक्त उदगार जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी ने हुए किसान मेला मे मुख्यअतिथि के रूप में होने पर बोल रही थी।जिसके पूर्व मेला का उद्घाटन मुख्यअतिथि ने किया जिसके बाद मेला का शुभारंभ हुआ।

## बाइक फिसलने से तीन युवक गंभीर घायल

**ऊंचाहार।** विकास खंड रोहनिया कोतवाली सलोन के गांव उमरन निकट ऊंचाहार सलोन मार्ग पर बाइक सवार अमन 23वर्ष;लवलेश 19वर्ष;शुभम 25 वर्ष निवासीगण लंबुई पूरेचन्द्रिका कोतवाली सलोन की बाइक ब्रेकर में फिसलने पर तीनो गंभीर चोटिल हो गए।जिनको प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊंचाहार में भर्ती करवाया गया।सीएचसी के अधीक्षक डा मनोज शुक्ला ने बताया कि तीनो युवको को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया है।

## प्रधान का छोटा भाई डेंगू बुखार से पीड़ित

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार क्षेत्र के गंगा कटरी ग्राम पंचायत कोटराबहादुरगंज निवासी राजकुमार 28वर्ष को डेगूं बुखार की पाजटिव रिपोर्ट आने पर प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।पीड़ित युवक के बड़े भाई ग्राम प्रधान अनिल यादव ने बताया कि मेरे छोटे भाई की रिपोर्ट डेगूं पाजटिव आई है।जिनको प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।सीएचसी ऊंचाहार के अधीक्षक डा मनोज शुक्ला ने बताया कि हमें जानकारी नही है जिसके संदर्भ में टीम भेजकर जांच करवाने के बाद हम कुछ बता पाएंगे।

## किसान की पांच भैंसो की एकाएक मौत

**ऊंचाहार।** किसान की एकाएक एक एक करके पांच मवेशियों की मौत हो गई जिनके मौत के बाद मवेशी स्वामी में हड़कंप मच गया। बताते चले कि ऊंचाहार कोतवाली के गांव चकमिलिक निवासी बाबूलाल है जिनके पांच भैंस विछित्र संक्रामक बीमारी के कारण एक एक करके मौत हो गई।पीड़ित किसासन बाबूलाल ने बताया कि पांचो मवेशियो की एक एक करके मौत हो गई है।जिसमे पांच लाख से अधिक का नुकसान हुआ है।जिस संदर्भ में ऊंचाहार पशुचिकित्सालय पहुंचे तो वहां पर चिकित्सालय बंद था।उधर एसडीएम आशीष मिश्रा ने बताया कि गांव में किसान की एक एक करके पांच मवेशी मरने की सूचना फोन पर दिया गया है लीखित में मिलने पर जांच करवाया जाएगा।

## दलित महिला से खेत में दुष्कर्म का प्रयास का युवक पर आरोप

**ऊंचाहार।**दलित महिला को खेत में अकेला पाकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है जिसमे पीड़िता ने पड़ोसी गांव के युवक पर नामजद आरोप लागते हुए कोतवाली में तहरीर दिया है। बताते चले कि रोहनिया ब्लाक कोतवाली सलोन के गांव सरायअख्तियार निवासिनी दलित बिरादरी की महिला अपने गांव के निकट खेत में कृषि कार्य हेतु गई थी जिसमे महिला के कोतवाली में दिए तहरीर के अनुसार गांव पूरे चंदी निवासी युवक के द्वारा अकेला पाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया जिस दौरान विरोध करने पर लात घूसो से मारपीट करके गाली गलौज करते हुए पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दिया गया।

# सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस से उतरते समय यात्री की ट्रेन से कटकर मौत

वैचारिक तूफान, अशोक श्रीवास्तव

**वाराणसी।** भुल्लनपुर स्टेशन पर शनिवार की दोपहर सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस से उतरते समय यात्री की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। चलती ट्रेन से उतरते समय वह प्लेटफार्म पर गिरा और ट्रेन की चपेट में आ गया। घटनास्थल पर ही यात्री ने दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची मंडुवाडीह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया।मिर्जापुर चुनार थाना अंतर्गत रूदौली निवासी संतोष गुप्ता (36) हैदराबाद में नौकरी करता था। बीमार पिता मोहन गुप्ता और मां के साथ सिंकदराबाद एक्सप्रेस से घर लौट रहा था।

दोपहर में ट्रेन के भुल्लनपुर स्टेशन पहुंचने पर वह अपने पिता को गोद में लेकर प्लेटफार्म पर उतरा और फिर सामान लेने के लिए दोबारा बोगी में चढ़ा।सामान लेकर उतरते समय ट्रेन खुल गई और हड़बड़ी में कोच से



उतरते समय सामान भारी होने से संतोष अनियंत्रित हो गया और प्लेटफार्म पर गिरते हुए ट्रैक के नीचे आ गया। घटनास्थल पर ही संतोष ने दम तोड़ दिया। आंख के सामने बेटे को दम तोड़ता देख बीमार पिता मोहन और मां वहीं अचेत हो गए।स्टेशन प्रबंधक की सूचना पर पहुंची मंडुवाडीह पुलिस ने ट्रैक से संतोष का शव कब्जे में लेकर ट्रैक खाली कराया। मंडुवाडीह थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि संतोष के रिश्तेदार भी सूचना पाकर पहुंच गए। अविवाहित संतोष के बुआ के लड़के अभिषेक गुप्ता के संग परिजनों को भेजा गया।

# पुरानी रंजिश के चलते घर मे घुसकर की मारपीट, छीना मोबाइल

**फतेहपुर।** घर में घुसकर मारपीट, बलवा और चोरी के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। तत्कालीन थानाध्यक्ष नाहर सिंह पर मुकदमा दर्ज नहीं जाने का आरोप लगाया है। जाफरगंज थाने के मंसूरपुर निवासी सत्यानंद की पुत्री संध्या देवी ने एफआईआर में बताया कि आठ अगस्त को पुरानी रंजिश के चलते गांव की निशा देवी, आशा, अंजली, गंगासागर और रामासागर घर के अंदर घुस आए। उसने घर के बाहर जाने के लिए कहा। उसके सिर पर निशा,आशा ने डंडे से प्रहार किया। सिर मेंचोट लगने से घायल हो गई। इस दौरान हैंडपंप से पानी लेकर पिता और भाई मनोज घर आए। वह बीच बचाव की कोशिश करने लगे। तभी भाई मनोज पर रामसागर ने कुल्हाड़ी से हमला किया। पिता के सिर पर गंगासागर ने डंडे से हमला किया। पिता का मोबाइल छीनकर भाग निकले। घटना की शिकायत तत्कालीन थानाध्यक्ष नाहर सिंह से की गई। थानाध्यक्ष ने कोई सुनवाई नहीं की और उनका मेडिकल परीक्षण भी नहीं कराया।

# अंतर्राज्यीय बदमाशों से पुलिस और स्वाट टीम की हुई मुठभेड़

वैचारिक तूफान, सुनील कुमार बाजपेयी

फतेहपुर। ललौली पुलिस व स्वाट टीम प्रथम की शुक्रवार की रात अंतर्राज्यीय बदमाशो से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में गोली लगने से दो शातिर बदमाश घायल हो गए। उनका एक साथी भागने में कामयाब रहा। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के पास से एक बाइक, 3 तमंचा, 3 जिंदा कारतूस व 2 खोखा बरामद हुआ है। मुठभेड़ की जानकारी होने पर एसपी राजेश सिंह और एएसपी ने मौके पर पहुंच घटना का जायजा लिया है। थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव, स्वाट प्रभारी प्रथम अनुरुद्ध दुबे को सूचना मिली को दो बदमाश क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देने जा रहे हैं।

जानकारी मिलते ही टीमें थाना क्षेत्र के गौरी पुल बहुआ रोड के पास पुलिस टीम ने शातिर बदमाशों को रोकने का प्रयास किया। तभी बदमाशो ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। बचाव में पुलिस टीम ने भी फायरिंग की। जिसमें जुल्फकार उर्फ सुहेल गुंडे पुत्र एजाज अहमद निवासी करनपुर सौरई थाना सिराथू जनपद कौशांबी व ?ौसुल बरा पुत्र मुकीम अहमद निवासी जंहागीर नगर गौहरे थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर के पैर में गोली लग गई। जिससे दोनों लोग घायल हो गये। एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस ने कॉम्बिंग की। घायल अभियुक्तो को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। एसपी



राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी जुल्फकार के विरुद्ध सूरत गुजरात मे 9 गंभीर धाराओं में मुकदमे पंजीकृत है। और स्त्रौसुल के विरुद्ध जनपद में 3 मुकदमे व सूरत (गुजरात) मे 1 मुकदमा दर्ज है। बदमाशो के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# जेसीआई ने की प्रदेश सलाहकार समिति की घोषणा दिव्या बनी प्रदेश कोऑर्डिनेटर

वैचारिक तूफान, शशीकांत त्रिवेदी

रायबरेली पत्रकारों की संस्था जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया रजि0 संगठन ने आज उत्तर प्रदेश संयोजक के साथ यूपी सलाहकार समिति की घोषणा की।

बता दे कि पूर्व की घोषित की गई सलाहकार समिति का कार्यकाल पूर्ण होने पर उसे संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनुराग सक्सेना द्वारा भंग कर दिया गया था । नव मनोनीत यूपी सलाहकार समिति के साथ ही उत्तर प्रदेश संयोजक को भी संस्था ने मनोनीत किया है।

पत्रकारों की संस्था जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंड़िया (रजि0) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनुराग सक्सेना जी के निर्देशानुसार और राष्ट्रीय कमेटी व राष्ट्रीय सलाहकार समिति की अनुशंसा पर फतेहपुर से श्री मती दिव्या जी (संपादक दैनिक भारती मंजरी) को उत्तर प्रदेश का संयोजक मनोनीत किया गया है। साथ ही उत्तर प्रदेश सलाहकार समिति मे निम्न को स्थान दिया गया है इसी के साथ प्रदेश सलाहकार समिति के प्रत्येक सदस्य को उनके मंडल का प्रभारी भी मनोनीत




किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय संयोजक डा0 आर सी श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश सलाहकार समिति में संस्था ने विभिन्न जिलों से वरिष्ठ पत्रकारों का समावेश किया है।संस्था ने आशा की है कि वरिष्ठ पत्रकार प्रदेश के पत्रकारों की समस्याओ से भलीभांति परिचित है। यह समिति संगठन को मजबूती प्रदान करने का काम तो करेगी ही साथ ही पत्रकारों की समस्याओ के निराकरण में भी मील का पत्थर साबित होगी।

इसी क्रम में समिति में लखनऊ से वरिष्ठ पत्रकार व अधिवक्ता श्री सचिन श्रीवास्तव जी (संपादक- आईबीसी ग्लोबल न्यूज), प्रतापगढ से उदन्त मार्तण्ड के संपादक श्री सलमान खान जी , कानपुर से वरिष्ठ पत्रकार दैनिक बंगाल टाइगर के संपादक श्री नागेंद्र पाण्डेय जी, शाहजहांपुर से वरिष्ठ पत्रकार दैनिक लोक भारती के ब्यूरोचीफ श्री संजय कुमार जैन जी,बाराबंकी से वरिष्ठ पत्रकार श्री अतुल श्रीवास्तव जी, वाराणसी से दैनिक संसद वाणी के स्टेट हेड श्री महेश पाण्डेय जी,गोरखपुर से दैनिक ग्राम स्वराज्य के संपादक श्री राकेश सिंह श्रीनेत जी,गाजियाबाद से दैनिक स्टार सवेरा के ब्यूरो चीफ श्री सरताज खान जी को इस समिति मे स्थान दिया गया है।वहीं बांदा जनपद से दो वरिष्ठ पत्रकारो को स्थान मिला है जिसमे दैनिक सी टाइम्स के संवाददाता श्री सुनील सक्सेना जी व दैनिक अवधनामा से संवाददाता श्री राजेश पाण्डेय जी को स्थान मिला है।

इस कमेटी का कार्यकाल भी एक वर्ष का रहेगा।संगठन ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों से आशा की है कि वह संगठन हित में कार्य करेंगे और पत्रकारों के हितार्थ कार्यों में उनके साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढेंगें।

# एडुट्री सीनियर सेकेंड्री स्कूल द्वारा आयोजित की गई छात्र प्रतिभा प्रदर्शनी



वैचारिक तूफान संवाददाता

**उन्नाव।** शहर में पूरन नगर स्थित एडुट्री सीनियर सेकेंड्री विद्यालय में छात्रों में क्रियाकलाप प्रतिभा निखारने हेतु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों द्वारा बढ़ चढ कर हिस्सा लिया गया और स्वयं द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट्स के माध्यम से गहन जानकारी दी गयी जिसमे से मुख्य रूप से कक्षा चत्र के छात्र अयांश त्रिपाठी द्वारा यातायात के नियमों के विषय में प्रोजेक्ट प्रदर्शित कर यातायात सिग्नल और जेब्रा क्रासिंग के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी छात्रा अनुष्का द्वारा सोशल मीडिया एडिक्शन व अनिका विश्वकर्मा द्वारा जल संचयन के विषय में प्रोजेक्ट के माध्यम से जानकारी दी गयी मौजूद सैकढों छात्रों ने अपनी अपनी प्रतिभा को प्रोजेक्ट के माध्यम प्रदर्शित किया।

# काशी-तमिल संगममः पुलिस आयुक्त ने तैयारियों का लिया जायजा

वैचारिक तूफान, अशोक श्रीवास्तव



वाराणसी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एक महीने तक होने वाले काशी तमिल संगमम की तैयारियों को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक कार्यक्रम के लिए बीएचयू को ज्ञान साझीदार बनाया गया है। बीएचयू के एम्पीथियेटर मैदान में मुख्य आयोजन होगा। शनिवार को तैयारियों का जायजा लेने के लिए पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश एम्पीथियेटर मैदान पहुंचे। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य पहलुओं पर अधिकारों को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ एडिशनल पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह, डीसीपी काशी जोन आरएस गौतम, एडीसीपी काशी जोन राजेश पांडेय, एसीपी भेलूपुर प्रवीण कुमार सिंह, बीएचयू चीफ प्रॉक्टर अभिमन्यु सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इससे पहले शुक्रवार को जिलाधिकारी एस राजलिंगम काशी-तमिल संगमम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बीएचयू पहुंचे थे। उन्होंने परिसर में विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया था। साथ ही कार्यक्रम के संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारियों से भी जानकारी ली थी।आयोजन समिति के समन्वयक सदस्य प्रो. एचसीएस राठौर ने कहा कि काशी तमिल संगमम के लिए विश्वविद्यालय में आने वाले अतिथियों के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। सभी की निगाहें बीएचयू की तरफ होंगी। बीएचयू सदैव की तरह एक श्रेष्ठ मेजबान की भूमिका निभाएगा।

# बीएचयू की लॉ फैकल्टी के स्टूडेंट्स का धरना जारी



## सड़क ब्लॉक कर बोले-हमारी अटेंडेंस पूरी कर हमें एग्जाम में शामिल होने दें

वैचारिक तूफान, अशोक श्रीवास्तव

वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय की लॉ फैकल्टी के स्टूडेंट्स का धरना लगातार दो दिन से जारी है। आज छात्रों ने फैकल्टी के सामने की सड़क को ब्लॉक कर लोगों की आवाजाही रोक दी है। धरने पर बैठे छात्रों का कहना है कि उनकी अटेंडेंस पूरी कर उन्हें सेमेस्टर एग्जाम में शामिल होने दिया जाए। दुर्भावनावश उनके करियर के साथ खिलवाड़ न किया जाए। वह धरना तभी खत्म करेंगे। जब उन्हें एग्जाम में शामिल होने का लिखित आश्वासन दिया जाएगा। लॉ फैकल्टी के सामने सड़क पर धरने पर बैठे स्टूडेंट्स ने कहा कि हमारे 100 साथियों की अटेंडेंस शॉर्ट कर दी गई है। वहीं, फैकल्टी के डीन का कहना है कि केवल 10 स्टूडेंट्स की अटेंडेंस शॉर्ट है। उन 10 स्टूडेंट्स के साथ धरने में उनके साथी बैठे हुए हैं। डेंट्स ने कहा कि एक महीने फैकल्टी के अलग-अलग कोर्सेज के कई स्टूडेंट्स की अटेंडेंस कम थी, उनसे सिर्फ अंडरटेकिंग लेकर उन्हें एग्जाम में शामिल होने दिया गया। अब सभी कोर्सेज के लास्ट सेमेस्टर के स्टूडेंट्स को दुर्भावना के कारण एग्जाम में शामिल होने से रोका जा रहा है।महीने के कुछ विशेष दिनों में जो क्लास चलीं, उसी दौरान कुछ स्टूडेंट्स की पूरी अटेंडेंस मेंटेन कर दी गई। जो स्टूडेंट्स उन स्पेशल क्लास में नहीं आए थे, उनके पूरे महीने की अटेंडेंस शॉर्ट कर दी गई।फैकल्टी में अटेंडेंस की काउंटिंग का कोई निश्चित पैमाना नहीं है। स्टूडेंट्स ने कहा कि हम मनमानी के खिलाफ धरना दे रहे हैं। हमारी समस्या का समाधान कर दिया जाए तो हम धरना तत्काल खत्म कर देंगे।



# इंग्लैंड से मिली हार के बाद टीम इंडिया के कोच द्रविड़ ने कही ऐसी बड़ी बात



**एडिलेड, ।**

भारत के कोच राहुल द्रविड़ ने टी20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में गुरुवार को इंग्लैंड के हाथों मिली हार को निराशाजनक बताया, लेकिन उसे शर्मनाक हार' कहने से परहेज़ किया। इंग्लैंड ने एडिलेड ओवल पर खेले गए सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट से रौंदा। भारत ने इंग्लैंड को 169 रन का लक्ष्य दिया था जिसे जॉस बटलर और एलेक्स हेल्स की सलामी जोड़ी ने 16 ओवर में ही हासिल कर लिया। मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में जब द्रविड़ से पूछा गया कि क्या यह एक %शर्मनाक हार' है, तो उन्होंने कहा, शर्मनाक हार तो नहीं, लेकिन यह निराशाजनक है।

द्रविड़ ने कहा, इंग्लैंड आज बेहतर टीम थी और उन्होंने हमसे बेहतर खेला। हमने गेंद को आगे टप्पा देने का प्रयास किया। यह एक योजना थी, लेकिन वह इसके खिलाफ सफल रहे। यहां गेंद उतनी स्विंग नहीं हुई जितनी ऑस्ट्रेलिया के अन्य हिस्सों में होती है। परिस्थितियां उनके हित में रहीं, और बटलर-हेल्स की साझेदारी आज शानदार थी। बटलर-हेल्स की जोड़ी ने 169 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पारी की विस्फोटक शुरुआत की और पावरप्ले में 63 रन जोड़ लिये। भारतीय टीम इस दौरान 38 रन ही बना सकी थी।

द्रविड़ ने कहा, मेरे अनुसार उन्होंने हम पर दबाव बनाया और मैच को कभी हाथ से निकलने नहीं दिया। जब हमारे गेंदबाज विकेट पर आए तब हमने सोचा कि हम मैच पर अपनी पकड़ बना सकते हैं। उन्होंने हमारे स्पिनरों पर काफी अच्छा प्रत्याक्रमण किया और उन पर दबाव बनाया।

उन्होंने कहा, हम उन टीमों में से एक थे जो इन परिस्थितियों में भी 180 या उससे अधिक स्कोर बना रहे थे। मुझे लगता है कि हमने इस टूर्नामेंट में दो या तीन बार ऐसा किया था। हम अच्छा खेल रहे थे। शायद जब मैच शुरू हुआ, तो खिलाड़ी कह रहे थे कि विकेट थोड़ा धीमा था। इंग्लैंड ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की। मुझे लगा कि वे वास्तव में सामने अच्छे थे। बटलर और हेल्स की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से पहले हार्दिक पांड्या के अलावा सभी भारतीय



बल्लेबाज विकेट पर संघर्ष करते नजर आये। पांड्या ने 33 गेंदों पर चार चौकों और पांच छक्कों के साथ ताबड़तोड़ 63 रन बनाये, जबकि कोई अन्य बल्लेबाज 150 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन नहीं बना सका।

द्रविड़ ने कहा, उन्होंने (इंग्लैंड) वास्तव में अच्छी जगहों पर गेंदबाजी की और हमें मैच पर पकड़ नहीं बनाने दी। हमें लगा कि 15 ओवर के निशान तक हम 15-20 रन पीछे थे और आखिरी पांच ओवरों में ही हमने अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हार्दिक बहुत अच्छा खेले,

## आईएमपीएसीएल ने दिया 10.3 करोड़ रुपये का लाभांश

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम इंडियन मेडीसिन्स फार्मास्यूटिकल कार्पोरेशन लिमिटेड ने आयुष मंत्रालय और उत्तराखंड सरकार को 10.3 करोड़ रुपये का लाभांश देने की घोषणा की है। कंपनी के अधिकारियों ने एक समारोह में आयुष मंत्रालय का 9.93 करोड़ रुपये का लाभांश चेक आयुष मंत्री सर्बानन्द सोनोवाल को सौंपा।

इस अवसर पर सर्बानन्द सोनोवाल ने कहा, आईएमपीसीएल ने पिछले वित्तवर्ष 2020-21 की तुलना में अपने लाभ में प्रभावशाली बढ़ोतरी दर्ज की है, जो प्रशंसनीय उपलब्धि है। समारोह में आयुष राज्यमंत्री मुंजपरा महेन्द्रभाई, आयुष मंत्रालय के विशेष सचिव प्रमोद कुमार पाठक, आयुष मंत्रालय के योग और प्राकृतिक चिकित्सा प्रकोष्ठ के निदेशक विक्रम सिंह, आयुर्वेद सलाहकार एवं आईएमपीसीएल के प्रबंध निदेशक डॉ. मुकेश कुमार, आईएमपीसीएल के सहायक महानिदेशक (एफ-एंड-ए) अरविन्द कुमार अग्रवाल तथा अन्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कंपनी विभिन्न रोगों के लिये 657 प्राचीन आयुर्वेदिक, 332 यूनानी और 71 ट्रेडमार्क युक्त दवायें बनाती है। वह राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत सभी राज्यों और 6000 जन औषधि केंद्रों को आयुर्वेद तथा यूनानी दवाओं की आपूर्ति करती है।

# तंबाकू कंपनी वीएसटी ने दूसरी तिमाही में 22 फीसदी बिक्री वृद्धि दर्ज की

**हैदराबाद ।**

तंबाकू और सिगरेट निर्माता वीएसटी इंडस्ट्रीज ने 30 सितंबर, 2022 को समाप्त तिमाही में बिक्री में 22 प्रतिशत की वृद्धि और शुद्ध लाभ में 15.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। मुद्रास्फीति के दबाव के बावजूद कंपनी का परिचालन मार्जिन 21.1 प्रतिशत पर रहा, जिससे कुल खर्च में काफी वृद्धि हुई। समीक्षाधीन तिमाही के लिए प्रति शेयर आय (ईपीएस) 59.7 रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 51.7 रुपये थी, जो 15.4 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है।





वीएसटी इंडस्ट्रीज ने क्रमिक आधार पर भी अपने कारोबार में सुधार किया। क्यू2 एफवाई23 में, क्यू1 एफवाई23 में 401 करोड़ रुपये के मुकाबले कुल कारोबार 439 करोड़ रुपये था। यह प्रदर्शन दर्शाता है कि पिछली तिमाही में सृजित रिकवरी गति बनी हुई है और अगली तिमाही में इसमें तेजी आने की संभावना है।

वीएसटी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आदित्य देब ने कहा- वीएसटी इंडस्ट्रीज ने कमजोर तिमाही में टॉप-लाइन के साथ-साथ बॉटम-लाइन में वृद्धि दर्ज की है, जिसने कई उपभोक्ता-सामना करने वाली फर्मों की बिक्री को प्रभावित किया है।

निरंतर खुदरा मुद्रास्फीति ने उपभोक्ता मांग को प्रभावित किया है, लेकिन हम ब्रांडों के जीवंत पोर्टफोलियो के कारण विकास प्रक्षेपवक्र पर दृढ़ रहे।

# सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 800 अंक से अधिक चढ़ा, निफ्टी 18,267 अंक पर आया

**मुबइ एजसा ।**

अमेरिका में मुद्रास्फीति के सकारात्मक आंकड़ों के बाद वैश्विक बाजारों में आई तेजी और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 809 अंक से अधिक चढ़ गया। कारोबारियों ने कहा कि रुपये में मजबूती तथा विदेशी कोषों के प्रवाह से भी बाजार की तेजी को बल मिला।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 809.64 अंक या 1.34 प्रतिशत के लाभ से 61,423.34 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी शुरुआती कारोबार में 239.70 अंक या 1.33 फीसदी के लाभ से 18,267.90 अंक पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स में शामिल सभी कंपनियों के शेयर लाभ में कारोबार कर रहे थे। इनमें सर्वाधिक लाभ में विप्रो रही जिसका शेयर शुरुआती कारोबार में 3.61 प्रतिशत चढ़ गया। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एचसीएल टेक, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील और टीसीएस के शेयर भी लाभ में थे।

पिछले कारोबारी सत्र में, बृहस्पतिवार को तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 419.85 अंक यानी 0.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,613.70 अंक पर बंद हुआ था। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 128.80 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,028.20 अंक पर बंद हुआ था।

वित्तीय बाजारों में तेजी अमेरिका के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों के आने से आई है। अक्टूबर में सीपीआई 7.4 फीसदी रहा जो सितंबर में 8.2 फीसदी था। अन्य एशियाई बाजारों में तोक्यो, शंघाई, सियोल और हांगकांग के बाजारों में तेजी थी। अमेरिकी बाजार भी बृहस्पतिवार को तेजी के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक बृहस्पतिवार को शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने 36.06 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। वहां, अतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेट क्रूड 0.36 फीसदी की बढ़त के साथ 94.01 प्रति बैरल पर था।

## रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 71 पैसे चढ़कर 80.69 पर पहुंचा

**मुंबई ।** डॉलर सूचकांक में गिरावट आने और अमेरिका के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के सकारात्मक आंकड़े मिलने से निवेशकों की धारणा को बल मिला और शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 71 पैसे चढ़कर 80.69 रुपये पर पहुंच गया।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू बाजारों में तेजी और कच्चे तेल के दामों नरमी आने से भी घरेलू मुद्रा को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 80.76 पर खुला, और फिर बढ़कर 80.69 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 71 पैसे की वृद्धि दर्शाता है।

रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे चढ़कर 81.40 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत गिरकर 108.18 पर आ गया।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.27 प्रतिशत चढ़कर 93.92 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को शुद्ध रूप से 36.06 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ बिजली संयंत्रों में 25.6 मिलियन टन कोयला, की जा रही है निगरानी

**नई दिल्ली ।** समुचित कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये कोयला, बिजली और रेल मंत्रालय करीबी तालमेल के साथ काम कर रहे हैं। केंद्र सरकार के कोयला मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि बिजली और रेल मंत्रालय के सहयोग से बिजली क्षेत्र को कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये उसकी नियमित निगरानी की जा रही है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप 31 अक्टूबर के अनुसार स्वदेशी कोयला-आधारित बिजली संयंत्रों में कोयला का अंतिम भंडारण 25.6 मिलियन टन दर्ज किया गया, जो कोविड वर्ष 2020-21 को छोड़कर अब तक के अक्टूबर माह में सबसे अधिक भंडारण है।

# विविध

# लाल रंग की ड्रेस में नोरा ने दिखाया काला तिल, तस्वीरें देखकर मचल उठेगा मन



एक्ट्रेस नोरा फतेही रेड कलर की शिमरी आउटफिट में बेहद ही बोल्ड और कातिलाना नजर आ रही हैं। हाई थाई स्लिट और डीपनेक आउटफिट में एक्ट्रेस नोरा फतेही गजब की बला नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस अपनी तस्वीरों से सोशल मीडिया पर धमाल मचाए ही रहती हैं। वहीं, पैपराजी भी उनके लुक को कैप्चर करने के लिए बेताब रहते हैं। नोरा फतेही अपने डांस और अभिनय के साथ अपनी बोल्डनेस से भी फैंस को दीवाना बनाने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। रेड शिमरी आउटफिट में एक्ट्रेस नोरा फतेही बेहद ही गॉर्जियस नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस नोरा फतेही ने डीपनेक आउटफिट में अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट कर रही हैं। इस डीपनेक आउटफिट में एक्ट्रेस का काला तिल भी दिखाई दे रहा है, जिसे देखकर फैंस बेताब हो रहे हैं।

झलक दिखला जा के स्टेज पर उनका ये बोल्ड अंदाज फैंस के दिलों पर बिजलियां गिराने का काम कर रहा है। नोरा न्यूड मेकअप और स्ट्रेट हेयर में बहुत कातिलाना लग रही है। वहीं, उनके बालों का स्टाइल फैंस को काफी पसंद आ रहा है। एक्ट्रेस नोरा फतेही, माधुरी दीक्षित और करण जौहर के साथ झलक दिखला जा शो को जज कर रही हैं।

नोरा फतेही के बोल्ड मूवमेंट और तस्वीरें देखकर फैंस का पसीना छूट जाता है। वहीं, उनका ये न्यू लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है। नोरा फतेही की इंस्टाग्राम पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है, उनके इंस्टा पर 43.1 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

# कैलोरी की खपत को नियंत्रित करती है सीआईसीओ डाइट, जानिए इसके फायदे और नुकसान

सीआईसीओ यानी कैलोरी इन, कैलोरी आउट और यह आपके प्रतिदिन कैलोरी इंटेक से जुड़ी डाइट है। यह वजन घटाने और वजन बढ़ाने, दोनों के लिए ही उपयुक्त है क्योंकि यह आपकी कैलोरी की खपत को पूरी तरह से नियंत्रित रख सकती है। इसके जरिए आप अपने पूरे दिन कैलोरी को अपनी जरूरत के अनुसार सही ढंग से ले सकते हैं। आइए जानते हैं कि सीआईसीओ डाइट क्या होती है और इससे क्या-क्या फायदे और नुकसान हो सकते हैं।



### वजन नियंत्रित करने के लिए कितनी कैलोरी है जरूरी?

इस डाइट में कैलोरी पर नजर रखना शामिल है। इसके लिए सबसे पहले अपने बेसल मेटाबॉलिक रेट की गणना करें, जो आपके शरीर की क्रियाओं जैसे सांस लेने, दिल की धड़कन, पाचन और मांसपेशियों आदि के लिए चाहिए। अगर आप अपना वजन घटाना चाहते हैं तो अपनी डाइट में कम कैलोरी और वजन बढ़ाने के लिए अधिक कैलोरी को शामिल करें।

### वजन नियंत्रण के लिए कैलोरी की भूमिका होती है महत्वपूर्ण

यह सच है कि आप एक दिन में जितनी कैलोरी का सेवन करते हैं उसका असर आपके वजन पर पड़ता है और यह डाइट पूरी तरह से कैलोरी की खपत पर आधारित होती है। हालांकि, स्वस्थ वजन नियंत्रण के लिए आपको कैलोरी की ज्यादा आवश्यकता नहीं होती है। इसके लिए अपनी डाइट में कम कैलोरी युक्त खान-पान की चीजें शामिल करें और वेट लॉस एक्सरसाइज को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

### सीआईसीओ के फायदे

इस डाइट को फॉलो करने से आप अस्वास्थ्यकर वजन बढ़ाने से बच सकते हैं। यह डाइट हृदय रोग, अवसाद समेत कैंसर से लेकर सांस की समस्याओं तक, कई बीमारियों से सुरक्षित रखने में मदद कर सकती है। शरीर की अतिरिक्त चर्बी को प्राकृतिक रूप से कम करने के लिए भी इस डाइट को फॉलो किया जा सकता है। इसके अलावा, आप ऑक्सीडेटिव तनाव कम करने और हार्मोनल संतुलन को बनाए रखने के लिए भी इस डाइट को अपना सकते हैं।

### कई समस्याओं का कारण बन सकती है सीआईसीओ डाइट

कैलोरी पर बहुत अधिक ध्यान देने से शरीर में महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की कमी होने का खतरा बढ़ जाता है। इस डाइट से बाल का झड़ना, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं, हृदय रोग, मस्तिष्क रोग, सूजन और कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त, कैलोरी की कमी से एक्सरसाइज करने में भी कठिनाई हो सकती

# आउटडोर गेम्स बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देने में हैं सहायक

हर साल 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। लेकिन आजकल कई बच्चों को आधुनिक उपकरणों की लत लग चुकी है, जो उन्हें शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसलिए अपने बच्चों को इन उपकरणों से दूर रखें। आइए आज पांच ऐसे आउटडोर गेम्स के बारे में जानते हैं, जो बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास करने में मदद कर सकते हैं।

### फुटबॉल

इसके लिए पहले खुले मैदान का चयन करें और बच्चों का दो ग्रुप बनाएं। इसके बाद मैदान की दो तरफ दो लाइन बनाएं, जो फुटबॉल से गोल करने की लाइन होगी। फिर दोनों टीम फुटबॉल से खेलना शुरू करें और गोल करने की कोशिश करें। ग्रुप का जो भी सदस्य सामने वाले के गोल पोस्ट पर फुटबॉल पहुंचाता है उसे एक पॉइंट मिलता है। हालांकि, इस खेल के लिए एक समय सीमा निर्धारित करनी होती है।

### छुपन-छुप्पाई

इसके लिए बच्चों का एक ग्रुप होना चाहिए। ग्रुप में से एक बच्चा डेन देता है और बाकि बच्चे अलग-अलग छुप जाते हैं और डेन वाला बच्चा किसी भी छिपे हुए बच्चे को पहले ढूंढता है, उसकी अगली बारी डेन देने की होती है। हालांकि, इससे पहले डेन वाले बच्चे को सभी बच्चों को ढूंढना होता है। वहीं, अगर छिपे बच्चों में से डेन वाले बच्चे को धप्पा कर देता है तो उसे ही अगली बार डेन देनी पड़ती है।

### खो-खो

यह एक पुराना खेल है, जिसके लिए बच्चों को दो ग्रुप में बांटें। इसके बाद टॉस से डिसाइड करें कि कौन-सा ग्रुप दौड़ेगा और कौन-सा बैठेगा। बैठने वाले ग्रुप का एक सदस्य आगे की तरफ और दूसरा पीछे की तरफ मुंह करके बैठेगा। दौड़ के दौरान बैठी टीम के सदस्य एक-दूसरे को छूकर उठाते हैं, फिर जिसे छुआ जाता है वो सामने वाले को पकडने के लिए दौड़ता है। ऐसा दौडने वाली टीम के सदस्या को पकडने तक चलता है।

### बैडमिंटन

इसके लिए दो बच्चो का एक-दूसरे से लगभग 10 से 15 फीट दूर होना जरूरी है। अब इस खेल को खेलने के लिए बैडमिंटन से हवा में कॉक उड़ाकर दूसरे बच्चे की तरफ फेंके और दूसरे बच्चे का निशाना इतना तेज होना चाहिए कि कॉक उसके सामने वाले बच्चे के पास जाए। इस दौरान कॉक जिस बच्चे की तरफ जमीन पर गिरेगी वो खेल में एक पॉइंट हार जाएगा। इस तरह से यह खेल 10-10 पॉइंट का होता है।

### आंख-मिचौली

आंख-मिचौली के लिए पांच-छह बच्चे होने चाहिए, जिसमें से एक डेन देगा। डेन देने वाला बच्चे की आंखों पर सूती कपड़ा बांध दें। इसके बाद डेन वाले बच्चे को दो बार गोल-गोल घुमाएं और फिर छोड़ दें। फिर बाकि बच्चों को डेन वाले बच्चे के आस-पास रहते हुए भागना होता है और डेन बने खिलाड़ी को उन्हें पकडने की कोशिश करनी होती है। अगर डेनर किसी को पकड़ लेता है तो उस बच्चे की अगली बारी देनी पड़ती है।



वैचारिक तूफान RNI NO: UPHIN/2012/51901 स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक योगेश बाजपेयी द्वारा हिंदुस्तान समाचार फीचर सेवा लिमिटेड, 94,महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित करा कर 1, विजय काम्प्लेक्स, निकट डंडहिया मस्जिद, अलीगंज बाजार, लखनऊ से प्रकाशित ।
सम्पादक - योगेश बाजपेयी, फोन - 07275021111, e-mail: vtlko1@gmail.com Website: www.vtnewsindia.com लेखक के अपने निजी विचारों का संपादक मंडल से सहमत होना आवश्यक नहीं है । समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा ।